सतना

16 नवंबर 2025 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



भारत बनाम साउथ...

@ पेज 7

## जोधपुर में 17 दिन के बच्चे की हत्या,4 मौसियों ने हाथ-पैर तोड़कर मार डाला



**जोधपुर, एजेंसी।** जोधपुर में 17 दिन के मासूम की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। नवजात की 4 मौसियों पर बच्चे के मर्डर का आरोप है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बच्चे के पिता का आरोप है कि मासूम के पहले हाथ-पैर तोड़े फिर गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाल भी नोंच डाले। पुलिस मर्डर की जांच जादू-टोने के एंगल से भी कर रही है।

मामला नेहरू नगर कॉलोनी का है। रातानाडा एसएचओ रामकृष्ण ने बताया कि उन्हें हत्या की सूचना शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे मिली थी।

## मुजफ्फरपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत,5 झुलसे



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में जलने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी, उनके 2 बच्चे और मां शामिल हैं।

हादसे में तीन महिला समेत 5 लोग झुलस गए हैं, जिनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। चारों को इलाज के लिए SKMCH भेजा गया है। डॉक्टर के मुताबिक घायल भी 98 फीसदी जल चुके हैं। वहीं एक युवक मामूली रूप से झुलसा है, जिसका इलाज मोतीपुर पीएचसी में चल रहा है। घटना मोतीपुर के वार्ड नंबर-13 में शुक्रवार देर रात एक घर में आग लग गई। घर के अंदर सो रहा परिवार आग की चपेट में आ गया।


DSP सुचित्रा कुमारी ने कहा, थर्ड फ्लोर पर आग लगी थी। पांच सदस्यों की मौत हुई है। कुल 5 घायल हुए हैं।

## तमिलनाडु की केंद्र से अपील-तमिल राजा पेरुम पिडुगु मुथरायर के सम्मान में जारी करें डाक टिकट

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि तमिल इतिहास के गौरवशाली शासक पेरुम पिडुगु मुथरायर के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया जाए। राज्य सरकार का मानना है कि इससे तमिल शासन, संस्कृति और राजनीति की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में बड़ी मदद मिलेगी। तमिलनाडु के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री एस. वी. मेय्यानाथन ने यह आग्रह केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को लिखे पत्र में किया। उन्होंने कहा कि डाक टिकट जारी होने से न सिर्फ इस महान राजा की उपलब्धियां सामने आएंगी, बल्कि तमिलनाडु और देश के बाकी हिस्सों के बीच भावनात्मक एकता भी मजबूत होगी। मेय्यानाथन ने बताया कि मुथरायर वंश के इस महान वीर को न्यायप्रिय शासक, दक्ष प्रशासक, योद्धा और कला-कृषि के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। 8वीं शताब्दी में उन्होंने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र पर शासन किया। सेंथलाई, नार्थमलै और कावेरी के उत्तरी तट के पास मिलने वाले अनेक अभिलेख उनके शासन की गवाही देते हैं।

### फरीदाबाद से जत विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका

# 9 लोगों की मौत, 32 घायल; सैम्पल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में ब्लास्ट हुआ



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है।

दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा- नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट हमारी गलती से हुआ

नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्ग्रेस (JKNC) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा, वहां कई घरों को नुकसान हुआ।

## दिल्ली ब्लास्ट : फरीदाबाद में मस्जिदों की चेकिंग,इमामों से पूछताछ

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी का एमबीबीएस छात्र हिरासत में, 15 डॉक्टर अंडरग्राउंड

**फरीदाबाद ,एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में शनिवार को पुलिस मस्जिदों की चेकिंग कर रही है। इमामों से पूछताछ कर उनका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। कॉलोनियों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। खासतौर पर जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखने वालों के घरों की तलाशी ले रही है। लोगों को संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का एक MBBS छात्र दिल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल से हिरासत में लिया है। पुलिस को उसके आतंकियों से संबंध होने का शक हैं। इसके अलावा, दिल्ली ब्लास्ट में सीधा कनेक्शन जुड़ने के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में क्राइम ब्रांच, दिल्ली पुलिस, यूपी एटीएस, गुरुग्राम एसटीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस डेरा डाले हुए हैं। यहां से अब तक डॉ. मुजम्मिल, लेडी डॉक्टर शाहीन सईद, यूनिवर्सिटी की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक और एचआर विभाग में काम करने वाले जमील को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया है। इस कार्रवाई के बाद करीब 15 डॉक्टर अंडरग्राउंड हो गए हैं। इनके फोन बंद हैं। ये सभी डॉ. मुजम्मिल के संपर्क में थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ का कहना है कि जांच से डरकर स्टाफ और बच्चे यूनिवर्सिटी नहीं आ रहे। यूनिवर्सिटी में आज ईडी भी जांच के लिए पहुंच सकती है। शुक्रवार को यहां रेवेन्यू और डीटीपी विभाग की टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। उधर, पुलिस सूत्रों से पता चला है कि डा. उमर नबी ने दिल्ली ब्लास्ट से पहले नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में HDFC बैंक की एटीएम मशीन से पैसे निकालने के प्रयास किया था।

### बिहार में हार के बाद खड़गे के घर बैठक

# राहुल गांधी भी मौजूद रहे; कांग्रेस बोली-चुनाव में गड़बड़ी हुई, 2 हफ्तों में सबूत देंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे।

बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार में इतनी बड़ी हार क्यों हुई।

बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बडियों के सबूत इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे।

दरअसल कांग्रेस ने इस चुनाव में 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन सिर्फ 6 सीटें जीत पाई। पार्टी का वोट शेयर 8.71त्न रह गया, जबकि 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 19 सीटें जीती थीं और 9.6% वोट मिले थे।



### माकन बोले- कई जगह गड़बड़ियां हुईं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार चुनाव नतीजों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अजय माकन ने भी कहा, चुनाव प्रक्रिया पर शुरू से ही सवाल हैं, इसलिए ऐसे नतीजे चौंकाने वाले हैं। कांग्रेस को 1984 में भी ऐसा स्ट्राइक रेट नहीं मिला था, जैसा इस बार बीजेपी को मिला है। कुछ तो गड़बड़ है। हमारे कार्यकर्ता लगातार बता रहे हैं कि कई जगह गड़बड़ियां हुई हैं। माकन ने बताया कि गठबंधन के सभी दल इस नतीजे को अप्रत्याशित मानते हैं और इसकी जांच की मांग कर रहे हैं।

## लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने छोड़ी राजनीति, कहा- मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूँ और अपने परिवार को ख़ारिज कर रही हूँ। यह वही बात है जो सं जय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था। मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूँ।

# मोदी बोले- बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया

## जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे



### मोदी ने देवमोगरा मंदिर में पूजा की

**सूरत,एजेंसी।** पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं।

इससे पहले वे पंडोरी माता के मंदिर गए। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

**पीएम बोले- जरूरी था मैं आपके बीच आकर इस विजय उत्सव का हिस्सा बनूं**

पीएम मोदी ने कहा, %बिहार ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। यदि मैं बिहार की जनता से मिले बिना सूरत छोड़ देता, तो हमारा यह सफर अधूरा रह जाता है। इसलिए, गुजरात में रहने वाले मेरे बिहारी भाई-बहन, विशेषकर सूरत में रहने वाले, इस अधिकार के हकदार हैं। यह मेरा स्वाभाविक दायित्व भी है कि मैं आपके बीच आकर इस विजय उत्सव का हिस्सा बनूं।

**पीएम मोदी बोले- बिहार में विकास की तड़प दिखाई देती है**

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर पीएम मोदी ने कहा,इस चुनाव में विजयी एनडीए गठबंधन और पराजित महागठबंधन के बीच 10त्न वोटों का अंतर है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है। इसका मतलब है कि आम मतदाता ने एक ही दिशा में वोट किया।

### मोदी ने कहा- बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया।

### मोदी बोले- मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था

**मोदी ने कहा-** दुनिया में तिरंगे की शान बढ़ाने में आदिवासी बेटी-बेटों का योगदान है। अब हर बड़ी प्रतियोगिता में आदिवासी खिलाड़ी निकल रहे हैं। भारत की महिला क्रिकेट टीम में हमारी जनजातीय बेटी ने भूमिका निभाई। जनजातीय इलाकों में स्पोर्ट्स फेसिलिटी बढ़ाई जा रही है।

भाजपा- वंचित को वरियता के नियम पर काम करती है। केंद्र की कई योजनाओं को आदिवासी वर्गों के पास जाकर लॉन्च करते हैं। आयुष्मान योजना झारखंड के आदिवासी इलाके में लॉन्च की गई थी। मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था।

## पंजाब सरकार को सुप्रीम फटकार-अपने लिए घर बना रहे, न्यायिक बुनियादी ढांचा तक नहीं


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब में आप के नेतृत्व वाली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायपालिका के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करने के बजाय अपने लिए आवास बनवाए जा रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के बार-बार निर्देश के बावजूद बुनियादी ढांचा भी सृजित करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार की खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायपालिका के लिए केंद्र की ओर से उपलब्ध कराए गए धन का उपयोग राज्य के अधिकारी कहीं और कर रहे हैं।



जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर हम जांच का आदेश देते हैं, तो पता चलेगा कि उन्होंने केंद्रीय अनुदान को पहले ही अन्य उद्देश्यों के लिए खर्च कर दिया है। वे अपने लिए मकान बना रहे हैं, लेकिन अदालतें नहीं बना सकते। शीर्ष अदालत पंजाब सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्य के नवगठित मलेरकोटला जिले में न्यायिक अधिकारियों के लिए उचित न्यायिक बुनियादी ढांचे और पारगमन आवास बनाने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों को चुनौती दी गई थी।

# बिरसा मुंडा जयंती पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति, पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। इस मौके पर संसद परिसर में स्थापित धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संसद परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोक सभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत कई मंत्रियों और केंद्रीय कर्मियों ने बिरसा मुंडा को नमन किया। झारखंड में जन्मे मां भारती के इस सपूत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखे संदेश में झारखंड के स्थापना दिवस पर बधाई देने के साथ-साथ बिरसा मुंडा को भी नमन किया।



**पूरा देश अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहा है :**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक्स हैंडल पर लिखे संदेश में कहा, देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी 150वीं जयंती पर शत-शत नमन। जनजातीय गौरव दिवस के इस पावन अवसर पर पूरा देश मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहा है। विदेशी हुकूमत के अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

### झारखंड स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या बोले?

एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, जनजातीय संस्कृति से समृद्ध गौरवशाली प्रदेश झारखंड के सभी निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। भगवान बिरसा मुंडा जी की इस धरती का इतिहास साहस, संघर्ष और स्वाभिमान की गाथाओं से भरा हुआ है। आज इस विशेष अवसर पर मैं राज्य के अपने सभी परिवारजनों के साथ ही यहां की प्रगति और समृद्धि की कामना करता हूं।

## कांग्रेस ने आदिवासी वीरों की भूमिका को नजरअंदाज किया, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर फडणवीस



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी वीरों की भूमिका को नजरंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले के कांग्रेस नेतृत्व वाले सरकारों ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी वीरों की भूमिका को इतिहास की किताबों से जानबूझकर हटाया। यह बात उन्होंने शनिवार को आदिवासी अधिकार नेता और स्वतंत्रता सेनानी बीरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कही। इस दौरान फडणवीस ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सरकार आदिवासी समुदाय की जल, जमीन, जंगल और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आदिवासी छात्रों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें आदिवासी आश्रम शालाओं का निर्माण, जिन छात्रों को आदिवासी छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलता, उन्हें 60,000 रुपये की सहायता, आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने और आदिवासी गांवों में सड़क निर्माण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी राज्य और केंद्र की योजनाएं लागू की जा रही हैं।

# सनातन पदयात्रा : धीरेंद्र शास्त्री के आगे चल रहीं जया किशोरी : एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी शामिल

### बोलीं- यहां आकर दिल खुश हो गया

**मथुरा, एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का आज नौवां दिन है। यूपी में यात्रा आज तीसरे दिन आगे बढ़ रही है। इसमें प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी मथुरा से शामिल हुई हैं।

इससे पहले यात्रा में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्?टी, फिल्म प्रोड्यूसर एकता कपूर और एक्टर राजपाल यादव भी शामिल हुए। मृदुलकांत शास्त्री, देवकीनंदन ठाकुर, स्वामी चिदानंद सरस्वती ने भी पदयात्रा में शिरकत की।

मथुरा के संस्कृत विश्वविद्यालय में बने विराम मंच पर शिल्पा शेट्टी ने कहा- एक कॉल दूर हूं, महाराज जी... जब जरूरत हो तब याद कर लेना। आज इतनी संख्या में आप लोगों को देख कर मेरा मन बहुत ही खुश हो रहा है। जो इतने महान भाव से काम कर रहे हैं, उनका साथ देना चाहिए। इसलिए आज हम सब यहां पर इकट्ठा हुए हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने शिल्पा को राजपाल से मिलवाया। उन्हें देखते ही शिल्पा खिलखिला उठी और आगे बढ़कर उनसे हाथ मिलाया। उन्होंने राजपाल से उनका मोबाइल नंबर भी मांगा। उन्होंने कहा- आपका नंबर ढूंढ रही थी। आपका एक इंटरव्यू देखा था। इसमें आपने बहुत ही शानदार बातें कहीं।



# आंध्र प्रदेश के लॉजिस्टिक्स इको-सिस्टम को डिजिटल बनाने को एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी), लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीएसएल) और आंध्र प्रदेश सरकार ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य यूनिफॉयड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) का लाभ उठाकर आंध्र प्रदेश में लॉजिस्टिक्स परिदृश्य को डिजिटल बनाना है।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि शुक्रवार को विशाखापत्तनम में आयोजित 30वें सीआईआई भागीदारी शिखर सम्मेलन के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की उपस्थिति में एनआईसीडीसी के सीईओ एवं एमडी तथा एनएलडीएसएल के अध्यक्ष रजत कुमार सैनी की उपस्थिति में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू पर औपचारिक रूप से इनकैप के वीसी एवं एमडी सीवी प्रवीण आदित्य और एनएलडीएसएल के सीईओ ताकायुकी कानो ने हस्ताक्षर किए।

मंत्रालय के मुताबिक इस पहल के तहत आंध्र प्रदेश में सरकारी और निजी हितधारकों को राज्य के लॉजिस्टिक्स प्रचालनों और प्रदर्शन संकेतकों की वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करने के लिए एक मज़बूत एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित और कार्यान्वित किया जाएगा। इस प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य समन्वय को बढ़ाना, दक्षता में सुधार करना और सभी क्षेत्रों में सूचित निर्णय लेने में सहायता करना है, जिससे हितधारकों को वास्तविक समय की जानकारी की निर्बाध सुविधा प्राप्त हो सके।

मंत्रालय के मुताबिक इनकैप के जरिए आंध्र प्रदेश सरकार एनएलडीएसएल के साथ मिलकर एक इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स डैशबोर्ड बनाएगी, ताकि राज्य के विभिन्न विभागों में लॉजिस्टिक्स से संबंधित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी की जा सके। इस डैशबोर्ड से प्राप्त विश्लेषणात्मक जानकारी और कार्रवाई योग्य रिपोर्टों का उपयोग यूएलआईपी की क्षमताओं का लाभ उठाकर राज्य के लॉजिस्टिक्स इको-सिस्टम को सुदृढ़ और उन्नत बनाने के लिए किया जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक यह समझौता ज्ञापन उन्नत प्रौद्योगिकी समाधानों को लॉजिस्टिक्स विकास के साथ एकीकृत करने में एक बड़ी उपलब्धि है और कुशल, आधुनिक तथा लचीली आपूर्ति-शृंखला अवसंरचना में वैश्विक रूप से एक अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने में योगदान देता है। यह साझेदारी राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के अनुरूप विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स अवसंरचना के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। यूलिप एक डिजिटल गेटवे है, जो उद्योग के हितधारकों को एपीआई-आधारित एकीकरण के माध्यम से विभिन्न सरकारी प्रणालियों से लॉजिस्टिक्स-संबंधी डेटासेट तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। यूलिप ने 136 एपीआई के माध्यम से 11 मंत्रालयों की 44 प्रणालियों के साथ एकीकरण किया है, जो 2,000 से अधिक डेटा क्षेत्रों को कवर करता है। यूलिप का उपयोग करने वाली विकसित किए गए हैं।

## गुरुग्राम में युवक की हत्या:मंदिर के बाहर मिला शव, पत्थरों से चेहरा कुचला; दिल्ली का रहने वाला

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम साइबर सिटी के सेक्टर-7 एक्सटेंशन स्थित पंचमुखी मंदिर के बाहर कूड़े के ढेर में युवक का शव लहूलुहान हालत में मिला है। मृतक दिल्ली का रहने वाला बताया जा रहा है। इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे पर पत्थरों से कई बार वार किया गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई। सेक्टर-9 थाना क्षेत्र की पुलिस को सुबह 8 बजे स्थानीय लोगों ने इस हत्या की जानकारी दी। हत्या के कारणों का नहीं चला पता पुलिस के अनुसार, हत्या की वारदात को देर रात अंजाम दिया गया था। सेक्टर 9 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतक के चेहरे पर पत्थरों से गहरे घाव किए गए हैं। पुलिस हत्या के कारणों का खुलासा जांच के बाद कर पाएगी। परिजनों से संपर्क में जुटी पुलिस मृतक दिल्ली का रहने वाला है और पुलिस फिलहाल उसके परिवार से संपर्क साधने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## आईपीयू के मेडिकल एवं नर्सिंग प्रोग्राम में दाखिले के लिए पंजीकरण 17 नवंबर तक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के मेडिकल प्रोग्राम- एमबीबीएस (कोड 103) एवं नर्सिंग प्रोग्राम- बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग (कोड 115) में दाखिले के लिए स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग के लिए 17 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण किया सकता है। इन प्रोग्राम में दाखिले के लिए जिन उम्मीदवारों ने 2500 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर पंजीकरण कर रखा है वे इन प्रोग्राम के लिए भरे हुए फॉर्म में रीजन, कैटेगरी, रैंक इत्यादि से संबंधित संशोधन भी 17 नवंबर तक कर सकते हैं। इस दौरान नीट यूजी का रैंक कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र इत्यादि भी भरे हुए फॉर्म के साथ 17 नवंबर तक अपलोड किए जा सकते हैं। 17 नवंबर तक इन दोनों प्रोग्राम के लिए विकल्प चयन भी किया जा सकता है। इन दोनों प्रोग्राम में दाखिले के लिए आयोजित की गई इस स्ट्रे राउंड ऑनलाइन काउंसलिंग का परिणाम 17 नवंबर या उसके बाद घोषित कर दिया जाएगा। इन दोनों प्रोग्राम की काउंसलिंग का परिणाम घोषित होने के बाद का शेड्यूल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर बाद में डाला जाएगा। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## 16 बेटियों के गुनहगार को जान का खतरा : कोर्ट में चैतन्यानंद ने लगाई याचिका, कहा– न कपड़े मिल रहे न खाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक निजी संस्थान में 16 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती ने पटियाला हाउस कोर्ट में दावा किया कि तिहाड़ जेल में उनकी जान को खतरा है। यह आरोप यौन उत्पीड़न मामले में न्यायिक हिरासत में बंद चैतन्यानंद ने अदालत में लगाया। चैतन्यानंद ने न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार के समक्ष यह कहा कि जेल अधिकारियों से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उन्हें साधु के वस्त्र पहनने की अनुमति नहीं दी गई है और न ही उन्हें साधुओं के लिए निर्धारित आहार दिया गया है। इसके बाद अदालत ने जेल अधिकारियों से इस मामले पर एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट मांगी और मामले की सुनवाई 18 नवंबर तक स्थगित कर दी।



ससे पहले, 7 नवंबर को चैतन्यानंद ने सत्र अदालत से अपनी जमानत याचिका वापस ली थी, क्योंकि आरोपपत्र दाखिल होने के बाद आरोपों की जांच की आवश्यकता थी। चैतन्यानंद पर आरोप है कि उसने छात्राओं को देर रात अपने क्वार्टर में बुलाया और अनुचित संदेश भेजे। इसके अलावा, वह उनके व्यक्तिगत जीवन पर नजर रखता था। 62 वर्षीय चैतन्यानंद को 28 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 16 पीड़ितों में से 9 से पुलिस पूछताछ कर चुकी है। सत्र अदालत ने कहा था कि पीड़ितों की संख्या को देखते हुए यह अपराध और भी गंभीर हो गया है।

# मंत्री ने सूद ने राजौरी गार्डन में सफाई व्यवस्था व लोगों की समस्याओं को लिया जायजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को राजौरी गार्डन के वार्ड 95 (विष्णु गार्डन) के बी-ब्लॉक, बारात घर, जे-6 स्टोर के सामने, ए-ब्लॉक, पोस्ट ऑफिस, एसबीआई बैंक के पास के क्षेत्र का दौरा किया। मंत्री ने इलाके की साफ-सफाई और स्थानीय लोगों की समस्याओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली में सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने और कूड़ा प्रबंधन में सुधार लाने के लिए कई स्तरों पर लगातार प्रयासरत है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री के आह्वान पर सभी मंत्री दिल्ली भर में साफ सफाई और स्वच्छता के कार्यों की स्वयं निगरानी कर रहे हैं ताकि आने वाले दिनों में दिल्लीवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली मिल सके। सूद ने बताया कि नगर निगम को अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए कैबिनेट स्तर पर प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने नगर निगम को 175 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता दी है, ताकि ठेकेदारों का बकाया भुगतान समय पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पिछले ढाई वर्षों के कार्यकाल में गलत ठेके दिए जाने और कुप्रबंधन के कारण नगर निगम की व्यवस्था पटरी से उतर गई थी जिसका सीधा असर दिल्ली की सफाई व्यवस्था पर पड़ा।

सूद ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में पिछली सरकारों की गैर-जिम्मेदार नीतियों के कारण दिल्ली में कई समस्याएं थीं जिनका समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। बजट तैयार करने, अनुमान बनाने और टेंडर प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता है, लेकिन दिल्ली सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ दिल्ली की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय निवासियों ने मंत्री को बताया कि वार्ड 95 विष्णु गार्डन के कई स्थान पर कूड़ा कई-कई दिनों तक नहीं उठाया जाता और सफाई कर्मचारी यदि आते भी हैं तो वह आधा अधूरा काम करके चले जाते हैं। इससे इलाके में गंदगी और कूड़े की दुर्गंध से उनका स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। उन्होंने निगम के अधिकारियों, सफाई कर्मचारी और कूड़ा उठाने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कूड़ा प्रबंधन पूरी मुस्तैदी और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

## बारह सौ किलोमीटर पीछा कर कार लूटने वाले को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका जिला स्पेशल स्टाफ ने 12 सौ किलोमीटर तक पीछा कर एक कार लूटने वाले बदमाश को बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चंदन उर्फ कुंदन के रूप में हुई है। आरोपी ने कार को किराये पर लिया और द्वारका सेक्टर 23 इलाके में पहुंचने के बाद चालक से मारपीट कर कार लूटकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार बरामद कर लिया है।

जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका सेक्टर 23 में एक कैब चालक ने लूटपाट की शिकायत की। उसने बताया कि दो लड़के उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मिले और द्वारका छोड़ने के लिए कहा। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसे कार को नाला रोड ले जाने के लिए कहा। नाला रोड पर कार को रोकने पर सवार युवकों ने उसके साथ मारपीट की और वाहन लेकर भाग गए। जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम ने कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उसमें पता चला कि कार आगरा के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर चल रही थी। पुलिस टीम ने कार का पीछा करना शुरू किया। कार पुलिस टीम से पांच सौ किलोमीटर आगे चल रही थी। तेज रफ्तार से कार चलाकर पुलिस ने करीब 12 सौ किलोमीटर तक लगातार पीछा किया और अंत में एक आरोपी को कार सहित वैशाली बिहार से पकड़ लिया। आरोपी की पहचान चंदन के रूप में हुई। आरोपी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव में अवैध शराब की ढुलाई के लिए आसानी से पैसा कमाने के लिए उसने अपने साथी आमिर के साथ मिलकर अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि चंदन दास गार्डन नंगली सकरावती नजफगढ़ का रहने वाला है।

## गोविंदपुरी में चाकूबाजी से युवक की मौत, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी के प्रवासी एकता पार्क कैंप इलाके में शुक्रवार देर रात चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। 23 वर्षीय युवक पर अचानक हुए हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस की मदद से उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की गर्दन और पेट पर दो गहरे घाव मिले हैं। दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे पुलिस को पीसीआर से चाकूबाजी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गोविंदपुरी पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक की हालत नाजुक हो चुकी थी। पुलिस ने युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस ने मौके का गहन निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सुराग मिलने के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए अमन उर्फ बुद्धा (19 वर्ष) को धर दबोचा। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि मृतक और आरोपित के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो आगे चलकर जानलेवा झगड़े में बदल गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना में कुछ और लोग भी शामिल थे। उनकी पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी चल रही है।

# पानी की कमी से जूझते किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान में छाया ऊर्जा संकट

**बिश्केक/ दुशान्बे, एजेंसी।** मध्य एशिया के दो पड़ोसी देशों, किर्गिज़स्तान और ताजिकिस्तान में सूखे और जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्तर में आ रही भारी गिरावट के गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। दोनों देशों की अधिकांश बिजली की आपूर्ति जलविद्युत संयंत्रों पर निर्भर है, जो सोवियत काल में बने हैं, लेकिन अब जलाशयों में पानी की कमी से ये संयंत्र ठप हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया में शुक्रवार को एक रिपोर्ट में बताया गया कि ताजिकिस्तान के नुरेक बिजली संयत्र के जलाशय का जल स्तर पिछले एक साल में 2.47 मीटर (लगभग 8.1 फुट) गिर चुका है, जिसे ताजिक ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्रालय ने चिंताजनक करार दिया है। सरकारी उपयोगिता कंपनी ने पुष्टि की है कि नुरेक जलाशय का जल स्तर गिरने से बिजली उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।




रिपोर्ट के मुताबिक मध्य एशिया के प्रमुख जल स्रोत इन दोनों देशों की पहाड़ियों में बसे लगभग 20,000 हिमनद यानी ग्लेशियर हैं, लेकिन सूखे और हिमनदों के पिघलने की धीमी गति ने जल भराव की प्रक्रिया को बुरी तरह से प्रभावित किया है। सोवियत संघ के विघटन के बाद से दोनों देशों में जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिससे पानी के नेटवर्क पर दबाव बढ़ गया है।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक सर्दियों में बिजली कटौती की घटनाएं आम रही हैं, लेकिन अब साल भर ही यह संकट रहता है। बिजली संकट के कारण किर्गिज़स्तान में ऊर्जा संरक्षण के लिए कड़े उपाय लागू कर दिए गए हैं। रेस्तरां और होटलों को रात 10 बजे तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है, जबकि सार्वजनिक स्थानों पर शाम 6 बजे के बाद लाइटें बंद रखने की सख्ती बरती जा रही है। वहीं, ताजिकिस्तान में अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बिजली के अनावश्यक उपयोग को रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा। हालांकि इन कदमों से आम जनता का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। घरों में घंटों बिजली गुल रह रही है, उद्योग ठप पड़ रहे हैं और आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जल स्तर और गिरा, तो संकट और गहरा सकता है। इस बीच ताजिक ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, नुरेक जलाशय की स्थिति चिंताजनक है। पानी का गिरता स्तर पिछले साल की तुलना में असामान्य रूप से तेज है।

सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल स्तर में 2.47 मीटर की कमी ने पनबिजली उत्पादन को सीमित कर दिया है। किर्गिज़स्तान के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है कि मौजूदा बुनियादी ढांचा जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के दबाव को झेलने में असमर्थ साबित हो रहा है।

**समाधान की दिशा में प्रयासरत:** दोनों देश नवीन ऊर्जा संयत्रों के निर्माण के अलावा जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और जन भंडारण सुनिश्चित करने पर जोर दे रहे हैं। नई परियोजनाओं के पूरा होने पर न केवल घरेलू जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि बिजली का निर्यात भी पड़ोसी देशों, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को किया जा सकेगा। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का निपटान किए बिना ये उपाय अस्थायी ही साबित होंगे।

## ट्रंप ने महंगाई के दबाव को कम करने के लिए बीफ, कॉफी और ट्रॉपिकल फलों से हटाए टैक्स; राहत की आस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बढ़ती महंगाई और उपभोक्ताओं की शिकायतों के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा आर्थिक कदम उठाते हुए बीफ, कॉफी और ट्रॉपिकल फलों पर लगे शुल्क खत्म कर दिए हैं। शुक्रवार को जारी एक कार्यकारी आदेश के जरिए ट्रंप प्रशासन ने इन प्रमुख खाद्य वस्तुओं को आयात शुल्क से मुक्त करने की घोषणा की। ट्रंप के इस फैसले का मकसद रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजों की कीमतों में राहत पहुंचाना है, क्योंकि पिछले कुछ महीनों से उपभोक्ता लगातार महंगाई को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे थे। खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला है और यह मुद्दा आम अमेरिकी परिवारों की प्राथमिक चिंता बन गया है।



**हालिया चुनावों ने बढ़ाया दबाव:** रिपोर्टों के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में हुए ऑफ-ईयर चुनावों में मतदाताओं ने साफ तौर पर महंगाई और आर्थिक दबाव को अपनी सबसे बड़ी चिंता बताया था। इसका सीधा असर चुनावी नतीजों पर पड़ा, जहां वर्जीनिया और न्यू जर्सी में डेमोक्रेट्स को बड़ी जीत मिली। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह परिणाम ट्रंप प्रशासन पर आर्थिक मोर्चे पर तेजी से कदम उठाने का दबाव बढ़ा रहे थे। ट्रंप के इस निर्णय के बाद बीफ, कॉफी और ट्रॉपिकल फलों जैसे कि अनानास, आम और केले की आयात लागत घटेगी, जिससे आने वाले समय में अमेरिकी बाजार में इन उत्पादों की कीमतों में कमी देखी जा सकती है।

## रस्सी से बांधकर बेल्ट और घूंसों से हमला किया, दो युवकों को दो दिनों तक पीटा, एक की हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम जिले के सुभाष प्लेस इलाके में दो युवकों को कमरे में बंद कर दो दिनों तक पीटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जान बचाकर भाग निकला। थाना सुभाष प्लेस पुलिस ने हत्या के इस मामले को सुलझाते हुए आरोपी मकान मालिक इरशाद (31) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पिटाई के दौरान युवकों को रस्सी से बांधकर बेल्ट और घूंसों से हमला किया था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी को शक था कि दोनों युवक उसके मोबाइक को हैक कर उसके पास कुछ दुर्लभ सिक्के थे जिसे चोरी कर लिया है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार मृतक तमन्ना और उसका साथी वीरेंद्र जेजे कॉलोनी, शकूरपुर के मकान में किराये पर रहते थे। आरोपी इरशाद ने दोनों को कमरे में बंद कर लगातार दो दिनों तक पिटाई की। इस दौरान बेल्ट, रस्सी और टर्मिन इंजेक्शन का उपयोग किया गया। युवक किसी तरह वहां से भाग निकले और अपने परिचित नाजिम के पास पहुंचे। तमन्ना को लगातार पेट दर्द और बेहोशी जैसे लक्षण आने लगे। उसे दो बार डॉक्टरों के पास ले जाया गया, लेकिन शनिवार को हालत और खराब हो गई। 9 नवंबर को वह नाजिम और एक परिचित महिला के साथ सुभाष प्लेस थाने पहुंचा और बताया कि मकान मालिक ने उसे बेरहमी से पीटा है। और पुलिस के पहुंचने से पहले ही बिहार स्थित अपने गांव बिजलपुरा (मधुबनी) चला गया।

## जमैका में मेलिसा तूफान से हुई तबाही के बाद भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, भेजी राहत सामग्री



**किंग्स्टन, एजेंसी ।** जमैका में मेलिसा तूफान की वजह से हुई भारी तबाही से उबरने के लिए भारत ने मदद का हाथ आगे बढ़ाया। इसके साथ ही किंग्स्टन में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने कैरेबियाई राष्ट्र के सेंट एलिजाबेथ पैरिश में प्रभावित समुदायों का दौरा किया। जमैका के साथ भारत ने एकजुटता की पुष्टि की। किंग्स्टन स्थित भारतीय उच्चायोग ने तत्काल राहत के लिए भारतीय समुदाय की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना की। भारतीय समुदाय ने 32 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई और सेंट एलिजाबेथ, वेस्टमोरलैंड और ब्लैक रिवर के प्रभावित परिवारों के लिए 550 केयर पैकेज, स्टोव, कपड़े, बैग और स्वच्छता किट आदि तैयार किए और वितरित किए। किंग्स्टन स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों में जमैका के साथ एकजुटता में खड़ा है।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान : दोनों देशों के बीच इस्तांबुल में तीसरे दौर की बातचीत भी विफल, आतंकवाद पर समझौता नहीं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अफगानिस्तान के साथ उसके रिश्ते इस समय स्टेलमेट की स्थिति में हैं। इस्तांबुल में 7 नवंबर को हुई तीसरे दौर की वार्ता भी आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समाधान नहीं दे पाई। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा आप इसे स्टेलमेट कह सकते हैं। बातचीत में डेडलॉक है, लेकिन पाकिस्तान संवाद के माध्यम से मतभेद दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**अफगान सरजमीं से जारी आतंकवादी हमले:** अंद्राबी ने दोहराया कि अफगान की जमीन से चल रहे आतंकवादी हमलों में पाकिस्तानी नागरिक और सुरक्षा बल लगातार मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा हालात ऐसे हैं कि हम इन हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते। टीटीपी और अन्य आतंकी तत्व अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं।

**सीमावर्ती संघर्ष और युद्धविराम पर अनिश्चितता:** प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर युद्धविराम की स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि सीमा बहुत लंबी है और घटनाएं आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हालात लगातार चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को कई व्यापारिक रियायतें देने का दावा किया, लेकिन कहा कि तालिबान सरकार ने सकारात्मक जवाब नहीं दिया। अंद्राबी ने कहा जब तक अफगानिस्तान अपनी जमीन पर सक्रिय पाकिस्तान-विरोधी तत्वों पर कार्रवाई नहीं करता, व्यापार और ट्रांजिट आगे नहीं बढ़ सकता। मानव जीवन का महत्व किसी भी व्यापार से अधिक है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से सीमा तक भेजा जा रहा है।

**तुर्किये, ईरान और रूस की मध्यस्थता का स्वागत:** जब तुर्किये के मध्यस्थता प्रयासों पर पूछा गया तो अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान इन प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ईरान या रूस की मध्यस्थता का भी स्वागत करेगा। अंद्राबी ने बताया कि पाकिस्तान ने अभी यह तय नहीं किया है कि वह गाज़ा के लिए प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फोर्स का हिस्सा बनेगा या नहीं।

## अंबाला रेलवे स्टेशन पर 15 लाख का चरस बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे सीआईए ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में चरस बरामद की। जांच टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मनाली से नशा लेकर राजधानी की ओर जाने वाला है। इसके बाद स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई गई। टीम ने संदिग्ध की तलाशी ली तो उसके पास से नशे की एक बड़ी खेप मिली। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह खेप दिल्ली सप्लाई की जानी थी और आरोपी लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय हो सकता है। फिलहाल टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। रेलवे सीआईए के साह्र सत्यप्रक्ष ने बताया कि उनकी टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के बैग से 1 किलो 974 ग्राम चरस बरामद की। जिसकी कीमत बाजार में करीब 15 लाख रुपए है।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम : सांसद

## डॉ. राजेश मिश्रा बोले- आदिवासी संस्कृति की रक्षा सरकार की प्राथमिकता

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को टमसार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जनजातीय समुदाय, सामाजिक संगठनों और स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने बिरसा मुंडा के संघर्ष और सामाजिक चेतना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि जनजातीय संस्कृति और परंपरा देश की वास्तविक विरासत है। इसे संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन और समाज से जनजातीय संस्कृति के संरक्षण को गति देने का आग्रह किया।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद रीती पाठक और विधायक विश्वामित्र पाठक ने भी बिरसा मुंडा को नमन किया। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस को आत्मसम्मान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति, परंपरा और संघर्ष का उदाहरण रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी देवकुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, नीता कोल, पूजा सिंह, सरस्वती बहेलिया और सुमन कोल, तथा जनपद पंचायत कुसमी की अध्यक्ष श्यामवती सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। मंच पर जनजातीय नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई, राधा सिंह जनजातीय वेशभूषा में पहुंचीं; कांग्रेस ने भी किया नमन



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** शुक्रवार को जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिले में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों ने अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह सबसे पहले प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री राधा सिंह बैढ़न स्थित राजीव परिसर पहुंचीं। उन्होंने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री राधा सिंह पूरी तरह से जनजातीय पारंपरिक परिधान में थीं। उन्होंने गले में चांदी का बड़ा लॉकेट वाला हार, हाथों में मोटे चांदी के कड़े और जनजातीय संस्कृति के अनुरूप पोशाक धारण की थी।

मंत्री राधा सिंह के साथ नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे और स्थानीय पार्षद सहित 50 से अधिक लोग मौजूद थे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों को याद किया और जनजातीय समाज की प्रगति एवं सम्मान के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिमा स्थल पहुंचे और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर चौहान ने कहा कि बिरसा मुंडा देश के उन विरल स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, जिन्होंने जनजातीय समुदाय को संगठित कर अंग्रेजी शासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर जनजातीय अधिकारों और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। दोनों दलों द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों से जिले में जयंती समारोह का माहौल बना रहा। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने दर्शाया कि बिरसा मुंडा आज भी जनजातीय समुदाय के साथ-साथ पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## शहर की अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग, कांग्रेस ने जताया विरोध; मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) ने नगर पालिका निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को आयुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीन सिंह चौहान के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में शहर की प्रमुख समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।



**क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति को सुधारने की मांग:** ज्ञापन में नगर के मुख्य बाज़ार क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति का उल्लेख किया गया है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क सुधार काम जल्द शुरू नहीं किया गया, तो निगम के खिलाफ जनआंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस ने पार्षदों के विकास कार्यों के लिए मिलने वाली राशि के असमान वितरण का मुद्दा भी उठाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों को विकास कार्यों के लिए समान राशि नहीं मिल रही है, जिससे विपक्षी वार्ड प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की।

**शहर के कई क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं होने का आरोप:** तीसरा प्रमुख मुद्दा सफाई व्यवस्था और कर्मचारियों की कमी से संबंधित था। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं हो रही है और नालियों में गंदा पानी भरा रहता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस ने नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसे पारदर्शी तरीके से पूरा करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में सिंगरौली ट्रांसपोर्ट नगर की अधूरी सड़क, डी-2 आवासीय क्षेत्र की समस्याएं, वार्ड 36 के भवन-निर्माण कार्य और सड़क अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का भी विस्तार से उल्लेख किया गया।

कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि नगर निगम और जिला प्रशासन इन समस्याओं का समाधान नहीं करता, तो पार्टी जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## भगवान बिरसा मुंडा महान समाज सुधारक थे : डॉ. आई.पी. प्रजापति

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में 'जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में रंगोली, निबंध, भाषण, पोस्टर एवं मेहंदी जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गौरव दिवस का समापन समारोह जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मझौली के अध्यक्ष पवन मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं भगवान बिरसा मुंडा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि पवन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज का योगदान अविस्मरणीय है और इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक थे जिन्होंने समाज को जागरूक करने और आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण संघर्ष किया। कार्यक्रम का संचालन 'गौरव दिवस पखवाड़ा' के संयोजक डॉ. दीपक अग्निहोत्री द्वारा किया गया तथा आभार प्रस्तुति प्रो. बाबाहरीनंद साकेत ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश पटेल, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ. रामधारी जायसवाल, अनिल पटेल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रीवा रोड पर ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण, झाड़ियों की कटाई और 'एक्सीडेंट प्रोन जोन' के लगाएंगे बोर्ड

**मीडिया ऑडिटर, शहडोल (निप्र)।** एमपी राज्यमार्ग विकास निगम (एमपीआरडीसी) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विष्णु वास्कले और उनकी टीम ने यातायात पुलिस के साथ शनिवार को शहडोल-रीवा रोड पर स्थित प्रमुख ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। यह दौरा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस संयुक्त निरीक्षण में दुर्घटनाओं की संख्या घटाने के लिए विभिन्न सुधार कार्यों की योजना बनाई गई।

निरीक्षण के दौरान राजाबाग चौराहे और मेडिकल चौराहे जैसे प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा उपाय लागू करने का निर्णय लिया गया। श्री वास्कले ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसी कारण शॉर्ट टर्म सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

**चौराहे पर एक्सीडेंट प्रोन जोन' के लगाए जाएंगे बोर्ड:** राजाबाग चौराहे पर एमपीआरडीसी की ओर से सोलर ब्लिंकर और 'एक्सीडेंट प्रोन जोन' जैसे सूचनात्मक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही, साइड शोल्डर भराव का कार्य भी किया जाएगा। इन उपायों का उद्देश्य चालकों को दुर्घटनाओं के संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक करना है। यातायात सूबेदार प्रियंका शर्मा ने जानकारी दी कि मेडिकल चौराहे पर दोनों ओर की सर्विस रोड पर 'कृपया धीरे चलें' जैसे सूचनात्मक बोर्ड लगाने की योजना है। इसके अतिरिक्त, निपानिया, दियापीपर और सेमरा तिराहा में टर्निंग पर झाड़ियों की कटाई की जाएगी ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

## ट्रैक्टर-थ्रेशर में आग, 10 एकड़ फसल राख; कुसमी के दादरी गांव में हुआ हादसा

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** कुसमी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपोखर के दादरी गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। धान की मिजाई (थ्रेसिंग) के दौरान ट्रैक्टर के गर्म साइलेंसर से भड़की आग ने एक ट्रैक्टर, थ्रेसर और किसान की करीब 10 एकड़ तैयार फसल को जलाकर राख कर दिया।

यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब किसान शत्रुघन यादव अपने खेत में धान की कटाई के बाद मिजाई कर रहे थे। बताया गया है कि ट्रैक्टर का साइलेंसर अत्यधिक गर्म हो गया, जिससे अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और कुछ ही पलों में थ्रेसर को भी अपनी चपेट में ले लिया।

किसान शत्रुघन यादव ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें या आसपास के लोगों को आग बुझाने का मौका नहीं मिला। इस घटना में उनका ट्रैक्टर और थ्रेसर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इसके अलावा, खेत में रखी लगभग 10 एकड़ की तैयार धान की फसल भी जलकर राख हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

चौकी प्रभारी डी.के. रावत ने जानकारी दी कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण गर्म साइलेंसर और संभावित शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर तहसीलदार कार्यालय को भेज दिया है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सतत निगरानी के लिए संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** निर्वाचक नामावली 2025 के अंतिम प्रकाशन से संबंधित विवरण गहन पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची के आधार पर तैयार किए जाएंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीपी पाण्डेय द्वारा आदेश जारी कर इस हेतु विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से तथा निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने के लिए राजेश कुमार शुक्ला संयुक्त कलेक्टर सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार शुक्ला को निर्देशित किया गया है कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र के गणना पत्रक के डिजिटलीकरण कार्य की सतत निगरानी करें और इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## ज्वेलरी दुकान से 35 जोड़े सोने के टॉप्स चोरी, वीडीयो; ग्राहक बनकर आया चोर, बाक्स गिनती में हुआ खुलासा

मीडिया ऑडिटर, शहडोल (निप्र)। जिले के ब्यौहारी में एक ज्वेलरी दुकान से 35 जोड़े सोने के टॉप्स चोरी हो गए। ग्राहक बनकर आए एक व्यक्ति ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब दुकानदार ने दुकान बंद करते समय जेवरातों की गिनती की। गिनती के दौरान एक बाक्स कम मिलने पर दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में चोरी की घटना स्पष्ट रूप से कैद हो गई थी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात ब्यौहारी थाना क्षेत्र के मार्तंडगंज स्थित एक ज्वेलरी दुकान में हुई। दुकानदार सत्यनारायण सोनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सत्यनारायण सोनी ने बताया कि दुकान में मौजूद एक महिला कर्मचारी ग्राहक को जेवरात दिखा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने बड़ी चालाकी से गहनों के डिब्बे से 35 जोड़े सोने के टॉप्स से भरा एक पैकेट अपनी उंगलियों के बीच फंसाकर पीछे की जेब में रख लिया। आरोपी ने इतनी सफाई से घटना को अंजाम दिया कि दुकान में मौजूद महिला को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक, चोरी हुए पैकेट में 35 जोड़े कान के टॉप्स थे, जिनका वजन लगभग 32 ग्राम है। इनकी अनुमानित कीमत 4.5 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बीते माह कोतवाली थाने के पास स्थित एक अन्य ज्वेलरी दुकान में भी इसी तरह की चोरी हुई थी।



## 30 लाख की चोरी, 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार; शौक पूरा करने के लिए की वारदात

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** सोहागपुर पुलिस ने 30 लाख रुपए से अधिक की चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 72 घंटे के भीतर दूसरे राज्य से आरोपियों को पकड़कर चोरी हुए जेवरात और नकदी बरामद कर ली।

यह घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र में हुई थी, जब एक महिला घर में खाना बना रही थी और पति बाहर था। पड़ोस में रहने वाले चोरों ने अलमारी से नकदी और कीमती जेवर चुरा लिए थे। पुलिस ने बताया कि दोनों भाई अपने शौक को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार, यह चोरी 10 नवंबर को सोहागपुर थाना क्षेत्र के राम जानकी मंदिर के पास वार्ड नंबर 4 निवासी सिद्ध गणेश शुक्ला के घर हुई थी। पीड़ित परिवार की ओर से सूचना दिए जाने के तुरंत बाद, सोहागपुर थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो विशेष टीमों का गठन किया।

**बनारस भागे तीन आदतन अपराधी गिरफ्तार:** सूचना मिलने पर थाना प्रभारी और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्ति आते-जाते दिखाई दिए।

# कलेक्टर ने एसआईआर का किया औचक नरीक्षण, डिजिटाइजेशन प्रगति पर जताई नाराजगी

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में तेजी लाने के कड़े निर्देश

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा कुसमी अनुभाग के मतदान केंद्र गोतरा एवं भदौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत हो रहे डिजिटाइजेशन कार्य में अत्यंत धीमी प्रगति पाई गई, जिस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। गोतरा मतदान केंद्र में कुल 860 मतदाताओं में से केवल 5 मतदाताओं के ईएफ (म्समबजवतंस थ्वतउ) का डिजिटाइजेशन पाया गया, जबकि भदौरा मतदान केंद्र में 1353 मतदाताओं में से मात्र 30 ईएफफॉर्म डिजिटाइज्ड मिले। यह प्रगति निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत पाई गई।



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है। उन्होंने एसडीएम कुसमी विकास आनंद को निर्देशित किया कि तत्काल प्रभाव से संबंधित बीएलओ, पटवारी एवं रोजगार सहायक के विरुद्ध कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किए जाएँ। इसके साथ ही सभी अधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को कड़े निर्देश दिए गए किकृ वे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें, मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन, गणना पत्रक एवं ईएफ फॉर्म अपलोडिंग सहित सभी कार्यों में प्रतिदिन प्रगति सुनिश्चित करें और सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आगामी निरीक्षण में प्रगति संतोषजनक न मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस कार्यक्रम आयोजित

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर 2025 को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती गौरव दिवस के रूप में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रभाकार सिंह द्वारा की गई। शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके उपरांत वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुणा सिंह ठाकुर ने भगवान बिरसा मुण्डा के जनआंदोलन, उनकी जनचेतना तथा जनजातीय समाज के उत्थान के लिए किए गए संघर्ष का विस्तृत वर्णन किया।



इसके पश्चात अन्य प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्था प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन मूल्य, उनका साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य इस महान स्वतंत्रता सेनानी के योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में उनके आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. राममिलन कुम्हार ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अंकिता सोनी और डॉ. उमाकांत साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा छात्रदृछात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अप्रत्याशित परिणाम, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत

संपादकीय

महागठबंधन की करारी हार का एक बड़ा कारण मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को वोट चोरी के मुद्दे में तब्दील किया जाना भी रहा। चुनाव आते-आते इस थोथे मुद्दे की हवा निकल गई। इसमें संदेह है कि विपक्ष बिहार के नतीजों से सबक सीखेगा, लेकिन राजग को अपनी प्रचंड जीत को इस रूप में अवश्य लेना होगा कि अब उस पर जन अपेक्षाओं का बोझ कहीं अधिक बढ़ गया है।

बिहार के चुनाव परिणाम कितने अप्रत्याशित हैं, इसका पता इससे चलता है कि भाजपा और जदयू के नेता भी ऐसी प्रचंड जीत का दावा नहीं कर रहे थे। राजग की जीत का आंकड़ा दो सौ के पार जाना यह बताता है कि बिहार की जनता ने भाजपा-जदयू के नेतृत्व वाले गठबंधन को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया था।

इसी कारण जिस मुकाबले को कांटे की टक्कर कहा जा रहा था, वह एकपक्षीय सिद्ध हुआ। इतनी जबरदस्त जीत का श्रेय भाजपा-जदयू समेत उसके अन्य सहयोगी दलों के बीच के बेहतर समन्वय के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बनाए गए इस माहौल को भी जाता है कि बिहार का हित डबल इंजन सरकार ही अच्छे से साध सकती है। यदि नीतीश कुमार सत्ता विरोधी रुझान से अछूते रह सके तो केवल अपनी बेदाग छवि के कारण नहीं, बल्कि यह भरोसा जगाने के कारण कि राज्य के लिए जो कुछ किया जाना शेष है, वह वही कर सकते हैं। वह ऐसा संदेश देने में इसीलिए सफल रहे, क्योंकि उन्होंने बीते 20 वर्षों में बिहार की सूरत बदली है।

राजग को चुनौती दे रहा विपक्षी खेमा भले ही खुद को महागठबंधन कहता हो, पर वह वैसे सामाजिक समीकरणों का नेतृत्व करते नहीं दिखा, जैसा जदयू, भाजपा और उसके सहयोगी दल करते दिखे। रही-सही कसर राजद-कांग्रेस के बीच की अनबन ने पूरी कर दी। इस अनबन के चलते 11 सीटों पर कथित मैत्री मुकाबला हुआ। इसके कारण पूरे बिहार में यह संदेश गया हो तो हैरानी नहीं कि महागठबंधन में एकजुटता का अभाव है।

बिहार के नतीजे यह भी बता रहे कि विपक्षी दल पलायन, बेरोजगारी जैसे मुद्दों के सहारे जिस युवा वर्ग को अपने पाले में मान कर चल रहे थे, उसने भी उन्हें पीठ दिखाई। शायद इसलिए, क्योंकि महागठबंधन के लोक-लुभावन वादे कुछ ज्यादा ही हवा हवाई थे। नेताओं को यह समझना होगा कि उनके वादे लुभावने होने के साथ ही पूरे हो सकने वाले भी दिखने चाहिए।

विजयी गठबंधन की एक बड़ी ताकत महिला मतदाता भी बनीं, जो पहले से ही नीतीश और मोदी के पक्ष में थीं।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत और लालूराज का स्याह अतीत

**विक्रम उपाध्याय**

साल 1990 में भारतीय राजनीति में दो बड़ी घटनाएं हुईं। विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उस साल सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की और उसी साल तमाम तिकड़मों के साथ लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री बन गए। यूं तो मंडल आयोग को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए लेकिन बिहार में इसके कारण वर्ग संघर्ष शुरू हुआ। अगड़े-पिछड़े के बीच कभी न खत्म होने वाली नफरत की खाई खोद दी गई। मुख्यमंत्री के नाते लालू प्रसाद यादव ने इसे खत्म करने के बजाय इसको हवा दी और पूरे दस साल जातीय नरसंहार का सिलसिला चलने दिया। उस दौरान राह चलते लोगों की जातियां पूछकर ठुकाई की जाती रही और सत्ता में बैठे लालू इस संघर्ष का राजनीतिक लाभ लेते रहे। चारा घोटाले में नाम आने के बाद लालू प्रसाद यादव को कुर्सी छोड़नी पड़ी और साल 2005 आते-आते बिहार ने लालू परिवार के शासन से जो एक बार तौबा की तो फिर उस तरफ़ नहीं देखा। साल 2025 के ताजा चुनाव परिणाम में राजद के सफाए के पीछे प्रारंभिक कारण सिर्फ और सिर्फ लालू राज के अत्याचार से बचे रहने का फैसला ही है।

राजनीतिक विश्लेषक भले ही जीत-हार के अलग-अलग कारण गिना रहे हों लेकिन नीतीश कुमार के प्रति विश्वास से कोई बड़ा कारण नहीं हो सकता है। उस पर से भाजपा का केंद्र की सत्ता में रहना, सोने पर सुहागे की तरह काम कर रहा है। मोदी और नीतीश ने मिलकर बिहार का ऐसा एकजुट समाज बनाया है, जिसमें सभी वर्ग के लोग सुरक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि मुस्लिम आबादी भी। भले आर्थिक आंकड़ों में यह बिहार किसी शीर्ष राज्य की श्रेणी में नहीं आता है लेकिन चैन से सोने और मनमाफिक काम करने की आजादी की कोई गणना हो तो बिहार पहले पांच राज्यों में जरूर आ सकता है।

नीतीश कुमार ने बीस वर्षों के अपने कार्यकाल में जो सबसे बड़ी मिसाल कायम की है, वह है, तठस्थता के साथ सरकार का संचालन और बिना राग-द्वेष का राजनीतिक व्यवहार। दूसरी तरफ लालू परिवार ने अपने पंद्रह साल के शासन में राज्य को न सिर्फ अशांत क्षेत्र में बदल दिया बल्कि खुद के लिए भ्रष्टाचार का स्वर्ग स्थापित कर लिया। ना तो उन्होंने सामाजिक मर्यादा का ख्याल रखा और ना किसी कानून की परवाह की। सत्ता के अपने सहयोगियों से भी वसूली करने में नहीं हिचके। कांति सिंह और रघुनाथ झा जैसे वरिष्ठ सहयोगियों से भी सांसद, मंत्री बनाने के एवज में जमीन लिखवा ली। कहा तो यह भी गया कि लालू प्रसाद यादव ने बिहार के समर्थ लोगों के खिलाफ अपहरण और फिरौती के कारोबार को अपनी देखरेख में चलवाया। हालात तो यहां तक पहुंच गई थी कि अपराधियों ने लोगों की अवकाश निधि और पेंशन को हड़पने के लिए भी अपहरण का रास्ता अपनाया। क्या उस बिहार की कोई दोबारा कल्पना करना चाहेगा? कभी नहीं। बिहार के लोगों के मन में हमेशा के लिए यह भाव घर कर गया है कि राजद को सत्ता में लाने के लिए वोट करने का मतलब फिर से साल 1990 के बाद के काल खंड में बिहार को पहुंचाना है।

ऐसा नहीं है कि बिहार, नीतीश के शासन काल में कोई आदर्श राज्य बन गया है। ना ही आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ी प्रगति की है। बड़े उद्योग-धंधे भी नहीं लगे। स्थाई रोजगार का भी टोटा है। पर नीतीश कुमार ने बिहार को बिखरने नहीं दिया है। समाज के निचले तबके के जीवन में आसानी पैदा करने की लगातार कोशिश की है। एक से दूसरी जातियों के बीच टकराव पैदा कर राजनीतिक फायदे की कोशिश के बजाय नीतीश के शासन ने सबके लिए अवसर का सृजन किया है। जिस नौकरी का लालच देकर सत्ता परिवर्तन का सपना तेजस्वी यादव देख रहे थे, उसी नौकरी के विकल्प को सफलता पूर्वक नीतीश सरकार लागू करती रही है। निविदा पर ही सही हजारों लोगों को शिक्षक की नौकरी नीतीश ने 20 साल पहले देनी शुरू कर दी थी। अब तो लोग सेवानिवृत हो रहे हैं।

**एक सरकारी जानकारी के मुताबिक जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-आंदोलनों के बाद नया अंतरिम सरकार चुनावी सुधार एवं प्रशासनिक सुधार की दिशा में काम कर रही है।समानुपातिक प्रतिनिधित्व का उद्देश्य है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व सिर्फ बहुमत वाले धड़ों तक सीमित न रहे बल्कि जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग आदि विविध समूहों को भी संसद-स्थानिक शासन में उचित भागीदारी मिले। यदि इस तरह की प्रणाली बांग्लादेश में पूरी तरह लागू हो जाए, तो अल्पसंख्यकों-विशेषकर हिन्दुओं के लिए बेहतर प्रतिनिधित्व संभव हो सकता है।**

# बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली और अल्पसंयक समुदाय को सा रही हिंसा की आशंका

**भारत की भागीदारी से जिस बंग्लादेश को अलग देश बनाया गया ।वही आज हिन्दू अल्पसंख्यक हिंसा के शिकार हो रहे है ।भारत के राजनयिक सम्बंधो को दरकिनार कर शेख हसीना का तख्तापलट करने वाले कट्टरपंथी समाज अल्पसंख्यक हिन्दुओ के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है ।बांग्लादेश दक्षिण एशिया में एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र है जहाँ लगभग 8त्न से अधिक आबादी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। जम्मा ए-इस्लामी जैसे इस्लामवादी एवं धर्मनिरपेक्ष राजनीति में सक्रिय समूह देश की राजनीतिक सामाजिक तस्वीर को जटिल बना देते हैं। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक दलों और सरकार के बीच सत्ता-संघर्ष के कारण यही जनसंघर्ष अक्सर सामाजिक तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रभावित करता रहा है ।वर्तमान में बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की अवधारणा उस बदलाव के संदर्भ में उठ रही है जिसे छात्र आंदोलन, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने मांग किया है। हालांकि, स्पष्ट रूप से यह प्रणाली देश में लागू है या नहीं,यह सवाल बना हुआ है।**

**कांतिलाल मांडोत**

जमात -ऐ-इस्लाम (जमात) बांग्लादेश में इस्लामी विचारधारा वाले प्रमुख राजनीतिक संगठन है जिसे कई आलोचकों द्वारा कट्टरवाद और अल्पसंख्यकों विरोधी कार्रवाई से जोड़ा गया है। उदाहरण के लिए जुलाई-अगस्त 2024 के दौरान छात्र-आंदोलन हिंसक मोड़ लेने पर जमात-छात्र संगठन सहित कुछ इस्लामी समूहों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगा था। इन आंदोलनों तथा रैलियों का उद्देश्य अक्सर सरकार-नीति से असन्तुष्ट आवाज उठाना, प्रशासनिक सुधार की मांग करना, या सत्ता-विग्रह की स्थिति बनाना रहा है। हालांकि, जब यह प्रदर्शन हिंसात्मक बने, तो सामाजिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर असर हुआ।

**शेख हसीना के विरुद्ध13 नवम्बर को सजा-घोषणा**-भारत मे रह रही शेख हसीना को 13 नवम्बर को सजा सुनाने की प्रकिया शुरू होगी।हाल के वर्षों में बांग्लादेश में राजनीतिक-हिस्सेदारी के चलते कई बड़े मुकदमों और सजा-घोषणाओं की चर्चाएँ हुई हैं।शेख हसीना की सजा के संदर्भ में जहाँ तक देखा जा सकता है, ऐसा कोई स्पष्ट निर्णय नहीं मिल रहा है कि उन्हें सजा सुनाई गई हो। लेकिन उन पर इस्तीफा और सत्ता-परिवर्तन जैसी महत्वपूर्ण घटनाएँ हुई हैं। जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना ने 5अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

ऐसे में यदि सजा से उनका पदच्युत होना या किसी अन्य कानूनी कार्रवाई को हम समझ रहे हैं, तो यह टिप्पणी योग्य है कि राजनीतिक अस्थिरता एवं हिंसा-प्रवण माहौल ने देश में कानून-व्यवस्था को तलहटी पर ला दिया है। बांग्लादेश में हाल के वर्षों में राजनीतिक आंदोलन, प्रदर्शन, छात्र आन्दोलन, सांप्रदायिक तनाव अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा के कई प्रमाण सामने आए हैं।

जुलाई 2024 में बांग्लादेश के कई विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सरकारी नौकरी में कोटा प्रणाली,



प्रशासनिक असमानताओं और अन्य सामाजिक-शिक्षण मुद्दों के खिलाफ आन्दोलन खड़ा किया था।

इसके जवाब में सरकार ने इंटरनेट बंदी, कर्फ्यू, सेना-पुलिस तैनाती जैसे उपाय अपनाए।

मानवाधिकार संगठनों ने सूचना दी है कि इन प्रदर्शनकारियों पर पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग हुआ । आरयूबीरू, लाइव गोलियां, कंधे-पीछे निशाने, आदि रही है।

प्रदर्शनों तथा राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हिन्दू अल्पसंख्यक समुदाय विशेष रूप से प्रभावित रहा है।

अगस्त 2024 में हिन्दू व्यापारियों ने शिकायत की कि जब शेख हसीना इस्तीफा देने के बाद प्रदर्शनकारी घरों-दुकानों पर हमला कर रहे थे, तो हिन्दू व्यवसायों को निशाना बनाया गया। हिन्दू मंदिरों, पूजा-स्थलों तथा समुदाय के सामाजिक चिन्हों पर हमले की खबरें आई।

यह स्थितियाँ यह इंगित करती हैं कि राजनीतिक अस्थिरता समय में अल्पसंख्यक की सुरक्षा कमजोर हो जाती है।क्योंकि भीड़-भिड़ समुदायों-विरोधी रुख अपना सकती है, या सुरक्षा तंत्र असमर्थ रह सकती है।

सामाजिक भरोसा टूट रहा है।हिन्दू-मुस्लिमअल्पसंख्यक-बहुसंख्यक बीच मेंराजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं सुरक्षा की कमी गंभीर चिंता का विषय बन गई है।सरकार-सत्ताधारी दल तथा विपक्ष-पक्षी दलों के बीच कट्टरता और प्रतिशोध की प्रवृत्ति बढ़ गई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व का महत्व और चुनौतियाँ को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लिए गम्भीर संकट है।

समानुपातिक प्रतिनिधित्व का मॉडल उस स्थिति से बेहतर माना जाता है जहाँ एक ही धड़े द्वारा अधिकांश बहुमत जीत ले और अन्य छोटे-वोटर समूह अनदेखे रह जाएँ। यदि बांग्लादेश में क्क्र लागू हुआ या हो रहा है, तो इसके निम्न लाभ-हानि व्याख्यायित किये जा सकते हैं।

अल्पसंख्यकों जैसे हिन्दू को संसद-विधान परिषद में बेहतर भागीदारी मिल सकती है। राजनीतिक दलों को वोट-विभाजन तथा विविधता को धारण करना पड़ेगा, जिससे ध्रुवीकरण कम हो सकता है। सामाजिक न्याय व समावेश नीति को बढ़ावा मिलता है।

राजनीतिक-संस्थागत संरचना सेक्युलर बनाम धर्मनिरपेक्ष, सेना-साहाय, प्रशासनिक प्रभाव ने क्क्र को अपनाना कठिन बना दिया है।हिंसा और ध्रुवीकरण के कारण छोटे समूहों का डर और असुरक्षा बनी रहती है।यदि सत्ता-संघर्ष और हिंसा बनी रही, तो क्क्र सिर्फ नाम का बदलाव हो सकता है, मूल सामाजिक सुरक्षा नहीं बनी।यदि हिन्दू समुदाय क्क्र के लाभ उठा सकें, तो उन्हें सक्रिय-पोलिटिकल भागीदारी, सामाजिक-संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा।सामुदायिक संगठन बनाएँहिन्दू समुदाय को स्थानीय-स्तर पर संगठित होना चाहिए ।मंदिरों, पूजा-स्थलों, व्यवसाय समुदायों के बीच नेटवर्क हो। इससे किसी भी हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में जल्दी प्रतिक्रिया संभव हो सकेगी।राजनीतिक विरोधाभास, छात्र आंदोलन, जनमत रैली इत्यादी के समय सामाजिक तनाव बढ़ सकता है। इस दौरान हिन्दू-व्यापार, पूजा-स्थल, सार्वजनिक जगहों पर सावधानी बरतें।यदि रैली या विरोध प्रदर्शन होने जा रहा हो, तो वहाँ से थोड़ी दूरी बनाए रखें।स्थानिक पुलिस- स्टेशन, सामुदायिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं से पहले-से संपर्क बनाए रखें।पूजा-स्थलों व हिन्दू-आयोजन के समय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रवेश-नियंत्रण, सीसीटीवी, स्थानीय पुलिस-सहाय।यदि किसी समूह द्वारा धमकी मिल रही हो, तुरंत दर्ज करें और समुदाय-सहाय जुटाएँ।संपत्ति-व्यवसाय के भवनों, दुकानों पर विशेष निगरानी रखें, विशेष रूप से राजनीतिक अशांति के दौरान।

राजनीतिक भागीदारी बढ़ाएँ

स्थानीय चुनावों, पंचायत नगर-स्तर शासन में हिन्दू प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की कोशिश करें।राजनीतिक दलों से संवाद रखें और पहचान बनाएं कि हिन्दू-समुदाय मात्र वोट बैंक नहीं बल्कि सक्रिय भागीदार है।

चुनावी समय में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी वोटिंग करें एवं स्थानीय नेताओं को जवाबदेह बनाएं कि वे अल्पसंख्यकों-हित में काम करें।कानूनी जानकारी एवं समर्थन जुटा जात-धर्म-आधारित उत्पीड़न, अल्पसंख्यक-विरोधी हमले आदि की जानकारी रखें, और आवश्यक कानूनी सहायता के लिए संपर्क रखें।सामाजिक संगठनों-मानवाधिकार समूहों की सहायता लें, राष्टीय-अन्तर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों को उपयोग करें। मीडिया में सूचना पहुँचाएँ, सोशल मीडिया-नेटवर्क को जागरूक करें। सामुदायिक सामाजिक-संबंध बनाएँ। अन्य धर्म-समुदायों, मुसलमानों, स्थानीय प्रशासन एवं नागरिक समाज से संवाद बनाएँ।यह निष्पक्ष सहयोग अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण है। शिक्षा-प्रचार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सह-अस्तित्व और आपसी भरोसा बढ़ाएँ। स्वयं-रक्षा-संबंधी जागरूकता अभियान चलाएँ कि किस प्रकार तनाव-वाले समय में प्रतिक्रिया की जाए, किन स्थितियों में पुलिस-प्रशासन से संपर्क करें। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व की दिशा में संभावनाएँ खुल रही हैं, लेकिन राजनीति-सामाजिक अस्थिरता, हिंसा-प्रवण माहौल और अल्पसंख्यकों के प्रति बढ़ते खतरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ कानूनी बदलाव ही पर्याप्त नहीं हैं ।

# सूरत-मुंबई वाया अहमदाबाद से मेवाड़ तक ट्रेन सेवा की सख्त जरूरत, प्रवासी राजस्थानी समाज की वर्षों पुरानी मांग

**भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई और औद्योगिक शहर सूरत में राजस्थान के लाखों प्रवासी रहते हैं, विशेषकर मेवाड़ क्षेत्र चितौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, नाथद्वारा, गोगुन्दा, भीलवाड़ा और आसपास के जिलों से। ये प्रवासी न केवल गुजरात और महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं, बल्कि अपने गृहप्रदेश राजस्थान की आर्थिक धारा में भी नियमित रूप से धन भेजकर उसे सशक्त करते हैं। सूरत सिल्क सिटी और डायमंड नगरी के नाम से जानी जाती है ।यहां सालाना कपड़ा उधोग और हीरा का खरबो का व्यवसाय होता है ।केंद्र सरकार को अरबो रुपये का राजस्व सूरत से मिलता है।**

**कांतिलाल मांडोत**

सूरत में वर्षो से जैन समाज सहित अन्य जातिवर्ग के लोग उधोग से जुड़े हुए है।इनके लिए बड़ी परेशानी आवागमन की बनी हुई है।मुम्बई ,सूरत ,वाया अहमदाबाद से उदयपुर चितौड़गढ़ के लिए एक भी ट्रेन उपलब्ध नही है।हम समझ सकते है कि आठ लाख प्रवासियों के लिए आवाजाही की कितनी मुश्किलें पैदा होती होगी।

फिर भी यह विडंबना ही है कि इतनी बड़ी संख्या में प्रवासी होने के बावजूद सूरत या मुंबई से वाया अहमदाबाद मेवाड़ तक एक भी नियमित ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है।

मेवाड़ से सूरत-मुंबई का गहरा संबंध

सदियों से मेवाड़ के लोग मेहनती, व्यापारिक और तकनीकी दक्षता के लिए जाने जाते हैं। आज सूरत के वस्त्र उद्योग, डायमंड पॉलिशिंग, और छोटे-बड़े व्यापारों में मेवाड़ियों की गहरी जड़ें हैं। अनुमान है कि सूरत और आसपास के क्षेत्रों में आठ लाख से अधिक राजस्थानी प्रवासी रहते हैं, जिनमें से अधिकांश का मूल निवास चितौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों से है।यह वर्ग त्योहारों, शादियों, धार्मिक आयोजनों और पारिवारिक कारणों से अक्सर अपने गृहजिले जाता है। किंतु यातायात के सीमित विकल्पों के कारण उन्हें भारी आर्थिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है

**रोज ट्रेन नहीं, केवल बसों का सहारा**- वर्तमान में सूरत और मुंबई से मेवाड़ के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चलती।लोगों को या तो अहमदाबाद, हिम्मतनगर, या उदयपुर तक पहुंचने के लिए अलग-अलग ट्रेनें पकड़नी पड़ती हैं, या फिर निजी बस सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है।हालांकि साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन नाकाफी है।त्योहारों के सीजन में यह बस सेवाएँ ही मेवाड़ तक लोगों को पहुंचाने का मुख्य साधन बनती हैं ।परंतु समस्या यह है कि इन बसों की संख्या लगभग तीन हजार तक पहुँच जाती है, और वे प्रति व्यक्ति 2500 से 3000 रुपये तक किराया वसूलती हैं।एक सामान्य मजदूर या मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह किराया बहुत भारी पड़ता है। वहीं यात्रा में 18 से 20 घंटे तक का समय लगता है, जिसमें आराम, सुरक्षा और भोजन की कोई गारंटी नहीं होती।

**रेल सेवा से क्या होगा लाभ. प्रवासी जनता को सुविधा**-रोज़गार के सिलसिले में सूरत और मुंबई में रह रहे लाखों प्रवासी राजस्थानी एक सस्ती, सुरक्षित और तेज़ यात्रा सुविधा पा सकेंगे। राजस्थान पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है।यदि ट्रेन वाया उदयपुर, राजसमंद और चितौड़गढ़ से गुजरे, तो यह पर्यटकों के लिए भी एक बेहतर मार्ग बनेगा। मेवाड़ के ऐतिहासिक किले, झीलें और मंदिर इस मार्ग को लोकप्रिय बना देंगे। राजस्थान,गुजरात और केंद्र में भाजपा की सरकार होते हुए भी प्रवासियों को इतना बडा लम्बा इंतजार कराया जा रहा है।यह अनुचित है।

**सूरत में व्यापार और रोजगार में वृद्धि**-रेल सेवा से सामान का आवागमन आसान होगा। सूरत के व्यापारिक केंद्रों और मेवाड़ के हस्तशिल्प-उद्योगों के बीच बेहतर संपर्क बनेगा।

**बस ऑपरेटरों की मनमानी पर रोक**-ट्रेन शुरू होने से निजी बस संचालकों द्वारा किए जा रहे किराये के शोषण पर अंकुश लगेगा। पर्यावरणीय दृष्टि से लाभदायक है।रेल यात्रा बसों की तुलना में ईंधन की दृष्टि से अधिक किफायती और पर्यावरण-अनुकूल है।

कई बार उठ चुकी है मांग, पर कार्रवाई नहीं

प्रवासी समाज के संगठनों, विशेषकर राजस्थान मेवाड़ प्रवासी समिति सूरत, मेवाड़ ट्रस्ट मुंबई, और उदयपुर विकास मंच द्वारा पिछले कई वर्षों से यह मांग उठाई जा रही है कि मुंबई से वाया अहमदाबाद होकर चितौड़गढ़-उदयपुर के लिए एक दैनिक ट्रेन चलाई जाए।कई बार रेल मंत्री को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं। जनप्रतिनिधियों ने संसद में प्रश्न उठाए हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है।

रेलवे का तर्क है कि अहमदाबाद से उदयपुर लाइन पर पहले से ही सीमित क्षमता है, और नई ट्रेनों के लिए पथ (path) उपलब्ध नहीं है। लेकिन अब यह कोई समस्या नही है।ब्रॉडगेज लाइन बिछी हुई है।और अहमदाबाद से साप्ताहिक ट्रेन का संचालन भी है।हालांकि, हाल के वर्षों में उदयपुर-अहमदाबाद सेक्शन का विद्युतीकरण और डबल लाइन कार्य लगभग पूरा हो चुका है, इसलिए तकनीकी रूप से अब कोई बड़ी बाधा नहीं रह गई है।

**संभावित मार्ग और ट्रेन की जरूरत**-सूरत ,भरुच, वडोदरा, अहमदाबाद , हिम्मतनगर उदयपुर चितौड़गढ़ राजसमंद ङ्क नाथद्वारा और जोकि गोगुन्दा उदयपुर का समावेश होता है।यह मार्ग गुजरात और राजस्थान के बीच न केवल सामाजिक बल्कि आर्थिक पुल का काम करेगा।

रोजाना कम से कम दो ट्रेन चलाने से हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

**सीजन में बढ़ जाती है मुश्किलें**-नवरात्र, दीपावली, होली और गर्मियों की छुट्टियों के समय यह समस्या चरम पर होती है।

बस टिकट न मिलने पर लोग ट्रेनों में खड़े होकर, किसी भी तरह सफर करते हैं।

महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इस यात्रा में अत्यधिक कठिनाई होती है।त्योहारों पर जब लोग अपने घर पहुंचना चाहते हैं, तो रेल मार्ग का अभाव उन्हें भावनात्मक रूप से भी आहत करता है।

**राज्य सरकारों की भूमिका**-राजस्थान और गुजरात दोनों सरकारें इस मुद्दे पर एक साझा पहल कर सकती हैं।

यदि दोनों राज्य संयुक्त रूप से रेल मंत्रालय से आग्रह करें, तो रेलवे के लिए यह सेवा शुरू करना संभव होगा।

उदयपुर, चितौड़गढ़ और राजसमंद के सांसदों व विधायकों को भी इस पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

यह केवल यात्रा की सुविधा नहीं, बल्कि प्रवासी समाज के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक होगा।मेवाड़ी समाज जहां भी रहता है, वहाँ उसने विकास की कहानी लिखी है।सूरत, मुंबई, अहमदाबाद और पुणे में लाखों परिवारों ने अपने व्यवसाय स्थापित किए हैं।वे हर साल अपने गांवों में निवेश करते हैं । घर बनवाते हैं, स्कूलों और मंदिरों को दान देते हैं, समाजसेवा करते हैं।ऐसे लोगों को अपने गृहप्रदेश से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम रेल सेवा ही हो सकती है।राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से भी प्रवासी मेवाड़ी समाज ने अपील की है।

आर्थिक दृष्टि से भी फायदेमंद

भारतीय रेल के लिए यह नई ट्रेन घाटे का सौदा नहीं होगी।

अगर आठ लाख प्रवासियों में से केवल दस प्रतिशत लोग भी महीने में एक बार यात्रा करें, तो यात्री संख्या लाखों में पहुंचेगी।

साथ ही इस मार्ग से पर्यटन, व्यापारिक और मालवाहक ट्रेन सेवाओं का विस्तार भी संभव है।

**सरकार से अपेक्षाएँ**-सर्वेक्षण कर मार्ग की संभाव्यता रिपोर्ट तैयार की जाए।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर खोंगापानी से आमाखेरवा तक निकला भव्य यूनिटी मार्च

## जनप्रतिनिधियों और हजारों नागरिकों ने दिखाई अद्वितीय एकता



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज पूरे जिले में देशभक्ति और एकता का वातावरण छाया रहा। इस अवसर पर सामुदायिक भवन खोंगापानी से भव्य यूनिटी मार्च तथा एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के तहत विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। पदयात्रा की शुरुआत राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ हुई, जहां सभी उपस्थित लोगों ने देश की अखंडता, भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। शपथ के बाद सभी ने एक स्वर में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गान किया, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से भर उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। उनके साथ जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएँ, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संस्थाओं के सदस्य तथा जिला प्रशासन के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**स्वच्छता का अद्वितीय संदेश - सांसद व मंत्री ने स्वयं उठाया झाड़ू:** यात्रा जब लेदरी पहुँची, तब राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं उनके इस कदम ने उपस्थित जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। लोग मंत्रियों को स्वयं श्रम करते देख उत्साहित हुए और स्थान-स्थान पर नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता दिखाई।

**खेड़िया तिराहा में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण:** इसके बाद पदयात्रा खेड़िया तिराहा पहुँची, जहाँ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज को सेवा, समरसता और राष्ट्रहित की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।

**विद्यार्थियों ने दिया नशामुक्ति का सशक्त संदेश:** खेड़िया तिराहा में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से नशामुक्त समाज का सशक्त संदेश दिया, जिसे दर्शकों ने सराहते हुए खूब तालियाँ बजाईं।

**शहर की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब:** यात्रा जब मनेंद्रगढ़ नगर की सड़कों से गुजर रही थी, तब दोनों ओर नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। मार्च के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारे लगातार गूंजते रहे। हर कदम पर देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। पदयात्रा लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई आमाखेरवा परेड ग्राउंड पहुँची, जहाँ यूनिटी मार्च से संबंधित मुख्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

**सांसद का संबोधन - 'सरदार पटेल के योगदान को पुनः राष्ट्रीय चेतना में स्थापित किया गया:** राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरदार पटेल जैसे राष्ट्र-निर्माता को इतिहास के पन्नों से धीरे-धीरे धूमिल किया जा रहा था, किंतु प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान को पुनः राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि पटेल की कूटनीति और नेतृत्व क्षमता के कारण 565 रियासतों का भारत में विलय संभव हुआ। सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि सरदार पटेल के स्वर्गवास के बाद उनके बैंक खाते में मात्र 200 रुपये थे, जो उनकी सादगी, ईमानदारी और त्याग का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आवश्यक है, क्योंकि बिना स्वदेशी के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना संभव नहीं।

**आमाखेरवा परेड ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम:** मुख्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दूरदृष्टि, अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का महान कार्य किया। उन्होंने बताया कि पटेल ने 550 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सदियों तक विश्व गुरु रहा, किंतु मुगल और अंग्रेज शासन के दौरान हमारी संस्कृति, शिक्षा और विकास संरचना को भारी क्षति पहुँची। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने और भारत को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय एकता दिवस के माध्यम से देश की अखंडता एवं एकजुटता की रक्षा करने का आह्वान किया।

## विश्व मधुमेह दिवस पर ग्राम पाराडोल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित 102 हितग्राही लाभान्वित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में मनेंद्रगढ़ विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजी अंतर्गत ग्राम पाराडोल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के सरपंच द्वारा माँ सरस्वती तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की जांच प्रक्रिया प्रारंभ की।

डॉ. नम्रता चक्रवर्ती (नोडल अधिकारी) के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस नि:शुल्क शिविर में मधुमेह जांच, उच्च रक्तचाप जांच तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कुल 102 हितग्राहियों ने इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जांच के दौरान 34 व्यक्ति उच्च रक्तचाप से ग्रस्त पाए गए, वहीं 21 हितग्राही मधुमेह के मरीज मिले। स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी निर्देश दिए गए। शिविर की सतत मॉनिटरिंग सहायक नोडल अधिकारी अवनीश पांडे और जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा की गई। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजी से ग्रामीण चिकित्सा सहायक रौतिया खान तथा स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में रोगों की समयबद्ध पहचान, रोकथाम और उपचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित यह शिविर ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक करने में सफल रहा।

## पुरानी रंजिश में युवक पर फायरिंग, चूका निशाना, कान से छूकर निकली गोली



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग-भिलाई ( निप्र )।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शुक्रवार की देर रात फायरिंग की गई है। पुरानी रंजिश में कुछ हमलावरों ने एक युवक को निशाना बनाकर उस पर गोली चलाई। निशाना चूक जाने से युवक की जान तो बच गई, लेकिन फायरिंग के दौरान उसे कान के पास हल्की चोट जरूर आई है। घटना जामुल थाना इलाके की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। घटना स्थल से गोली के अवशेष बरामद किए गए हैं। साथ ही आसपास की दीवारों पर फायरिंग के निशान पाए गए हैं। जिससे यह स्पष्ट है कि, हमलावर एक से अधिक बार गोली चलाकर विकास प्रजापति नाम के युवक को मारने की कोशिश की गई।

**पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर:** फिलहाल जामुल पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित ने कुछ हमलावरों का नाम बताया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 20 माह पुराने मोबाइल विवाद में दुकानदार के भाई पर धारदार हथियार से हमला, व्यापारियों ने बंद कीं दुकानें



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** यह घटना शिवपुरी शहर के माधव चौक पर शनिवार दोपहर हुई, जहाँ बाइक से आए दो युवकों ने एक दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार, उनके भाई और एक कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की। विवाद 20 माह पहले रिपेयरिंग के लिए छोड़े गए एक मोबाइल फोन को लेकर हुआ था। हमले में दुकानदार का भाई धारदार हथियार से घायल हो गया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों हमलावरों शनि कर्मावत और निहार कर्मावत को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया।

**व्यापारियों ने बंद कीं दुकानें, कोतवाली पहुंचे, पुलिस ने दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन:** घटना के विरोध में माधव चौक के व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

**20 माह पुराने मोबाइल को लेकर हुआ विवाद:** रविन्द्र वॉच एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक रविन्द्र गोयल ने बताया कि करीब 18-20 माह पहले शिवा कुमावत ने मोबाइल रिपेयरिंग के लिए उनकी दुकान पर छोड़ा था। उस समय ग्राहक को स्पष्ट कर दिया गया था कि 6 माह के भीतर मोबाइल नहीं लेने पर दुकान जिम्मेदार नहीं होगी।

**कर्मचारी को पीटा, फिर भाई पर हमला:** शनिवार को शनि कर्मावत और निहार कर्मावत अचानक दुकान पर पहुंचे और मोबाइल की मांग करने लगे। जब कर्मचारी ने बताया कि 20 माह पुराना मोबाइल ढूंढने में समय लगेगा, तो शनि भड़क गया और कर्मचारी से विवाद शुरू कर दिया। बात बढ़ने पर दोनों युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी।

**धारदार हथियार से हमला, भाई घायल:** रविन्द्र गोयल ने बताया कि जब उनके छोटे भाई विवेक गोयल ने बीच-बचाव करना चाहा तो शनि कुमावत ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया, जिससे विवेक के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। जब रविन्द्र ने भाई को बचाने की कोशिश की, तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

**पुलिस का आश्वासन:** मारपीट की खबर फैलते ही माधव चौक क्षेत्र के व्यापारी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई तथा उनका जुलूस निकालने की मांग की। कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि आरोपियों पर सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। रविन्द्र गोयल की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से हुआ संपन्न, मांदर की थाप पर झूमे स्वास्थ्य मंत्री और कई जनप्रतिनिधि

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ स्थित गोंडवाना भवन मैदान, इमली गोलाई में आज जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और स्वाभिमान का रंगारंग संगम देखने को मिला। जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य समारोह में हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग एकत्र हुए और पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक परिधानों के माध्यम से अपनी गौरवशाली विरासत का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और उसके बाद बूढ़ादेव तथा जनजातीय समाज के पूर्वजों की पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात बिरसा मुंडा और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जनपद अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिमा यादव, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, अनीता सिंह, उदित नारायण, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले, रामचरित द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा सहित जनपद सदस्य, वार्ड पार्षद और क्षेत्र के सरपंच, पंच सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रतना सिंह, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग की अंकिता मरकाम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बना दिया। सबसे पहले कलेक्टर ने अपने संबोधन में जनजातीय समाज की भौगोलिक स्थिति के साथ एमसीबी जिला में रह रहे विभिन्न जनजातियों का उल्लेख किया और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं दीं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल रूप से दी ऐतिहासिक सौगातें:** जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से वर्चुअल रूप से जुड़कर देशभर में मनाए जा रहे समारोहों को संबोधित किया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारत की आदिवासी परंपरा, संघर्ष, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक हैं। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़दृचिरमिरीदृभरतपुर जिले के लिए कई महत्वपूर्ण आवासीय परियोजनाओं की ऐतिहासिक सौगात दी।

## बैंक में चोरी की कोशिश नाकाम,चोर रंगेहाथ पकड़ाया

### चैनल गेट से कूदकर अंदर घुसा, लॉकर रूम के ताले तोड़े; चोरी से पहले पुलिस ने दबोचा



**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा ( निप्र )।** जिले के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, कुण्डा में चोरी करने घुसे एक चोर को पुलिस ने बैंक के अंदर ही पकड़ लिया। चोर ने बैंक के लॉकर रूम के तीन ताले भी तोड़ दिए थे और तिजोरी से पैसे चुराने की तैयारी कर रहा था। तभी रात में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की टीम ने चोर को दबोच लिया। मौके से चोरी करने के औजारों का बैग और ग्राइंडर मशीन का टूटा हुआ टुकड़ा भी बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना कुण्डा में अपराध दर्ज कर पूछताछ जारी है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यह मामला थाना कुण्डा क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, 15 नवंबर 2025 की रात लगभग 2 बजे रात आरक्षक संजय मेरावी और आरक्षक जितेन्द्र जायसवाल पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की लाइटें बंद हैं और अंदर अंधेरा है। यह बात उन्हें संदिग्ध लगी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना थाना कुण्डा के अन्य स्टाफ को दी।

**बैंक के चैनल गेट से कूदकर अंदर घुसा चोर:** पुलिस टीम जब बैंक पहुंची, तो ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। पता चला कि एक चोर बैंक के बरामदे के चैनल गेट से कूदकर अंदर घुसा है और भीतर से आवाजें आ रही हैं। पुलिस और ग्रामीणों ने चोर को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी ने नाम लवलेश निर्मलकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बीजाभाठा, थाना कुण्डा बताया।

**वारदात सीसीटीवी में कैद न हो, इसलिए उसकी दिशा बदली:** जांच में पाया गया कि आरोपी ने बैंक के मुख्य दरवाजे के ताले तोड़ दिए थे, लाइट बंद कर दी थी और सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी थी।

## घर घुसकर बुजुर्ग को मार डाला, पत्नी के सामने कुल्हाड़ी से काटा; नक्सलियों पर शक

**मीडिया ऑडीटर, बीजापुर ( निप्र )।** जिले के पूतकेल गांव में एक 60 साल के बुजुर्ग की टंगिए से मारकर हत्या कर दी गई। घटना 14 नवंबर की रात की है। बताया जा रहा है तीन अज्ञात हमलावरों ने मुंह पर कपड़ा बांधकर वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान धर्मा सोयम के रूप में हुई है। मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के मुताबिक, धर्मा सोयम अपने घर पर सो रहा था। रात करीब 9:30 बजे तीन अज्ञात हमलावर चाकू और टंगिए के साथ घर में घुस गए। हमलावरों ने धर्मा सोयम पर टंगिए से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पूरी घटना धर्मा सोयम की पत्नी के सामने हुई।

**नक्सलियों पर हत्या का संदेह:** इस हत्याकांड के पीछे नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। पुलिस फिलहाल अज्ञात हमलावरों और नक्सली संलिप्तता, दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। बता दें कि इसी इलाके के नेला कांकेर में पिछले महीने नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी थी।

## बाल अधिकार एवं बाल विवाह पर जागरूकता को मिला नया आयाम

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** बाल सप्ताह के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आर. के. खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कोमल सिंह द्वारा तैयार की गई थी। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से छात्राओं ने सामाजिक संदेश, बाल अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाल विवाह उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बाल विवाह की सामाजिक और कानूनी बुराइयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनी दंडनीय अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और संपूर्ण विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। साथ ही बाल अधिकारों से संबंधित प्रावधानों शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, संरक्षण का अधिकार तथा सहभागिता का अधिकार पर भी विस्तृत चर्चा की गई।छात्राओं को बाल दिवस क्यों मनाया जाता है, और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है, इस विषय पर भी रोचक और प्रेरक जानकारी प्रदान की गई, जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया।

# जिले में ई-नीलामी प्रक्रिया हुई संपन्न, डांडहंसवाही-1 और मुर्किल-1 रेत खदानों के अधिमानी बोलीदार हुए घोषित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अंतर्गत रेत खदानों की ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। डांडहंसवाही-1 रेत खदान के लिए जारी ई-निविदा में कुल 408 आवेदकों ने भाग लिया, जिनमें तकनीकी परीक्षण के दौरान 360 पात्र तथा 48 अपात्र घोषित किए गए। पात्र आवेदकों में से एक आवेदक द्वारा उच्चतम बोली दर्ज करने पर वह प्रक्रिया से बाहर हो गया। शेष 359 पात्र आवेदकों की बोली समान एवं न्यूनतम होने के कारण चयन प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की गई, जिसमें विगत 13 नवंबर 2025 को चैतन्य साहू का चयन डांडहंसवाही-1 रेत खदान के अधिमानी बोलीदार के रूप में किया गया।

इसी प्रकार मुर्किल-1 रेत खदान हेतु आयोजित ई-नीलामी में कुल 56 आवेदकों ने भागीदारी की, जिनमें से 37 पात्र तथा 19 अपात्र पाए गए। सभी पात्र आवेदकों की बोली समान एवं न्यूनतम होने पर चयन हेतु पुनः इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी प्रणाली अपनाई गई, जिसके परिणामस्वरूप विगत 14 नवंबर 2025 को नयन छत्तानी का चयन मुर्किल-1 रेत खदान के अधिमानी बोलीदार के रूप में हुआ। इस ई-नीलामी की संपूर्ण प्रक्रिया तकनीकी, पारदर्शी एवं निष्पक्ष डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पूर्ण की गई, जिससे चयन कार्यवाही में पूर्ण पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण सुनिश्चित हुआ।

# खंडवा में 'रेल रोको' आंदोलन के लिए जुटने लगे किसान

## प्याज के दाम गिरने पर आक्रोश, 70 गांवों से 5 हजार किसान जुटने का दावा

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा में सर्व किसान समाज ने शनिवार से अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। टिगरिया के पास खंडवा-भुसावल रेलवे ट्रैक के आसपास सुबह से किसानों की भीड़ जुटने लगी है। प्याज खरीदी, राहत राशि और फसल मुआवजा सहित पांच मांगों को लेकर 70 गांवों से करीब 5 हजार किसानों के पहुंचने का दावा किया गया है। रेलवे और पुलिस ने ट्रैक पर रोकने के लिए 200 से ज्यादा जवान तैनात किए हैं। टिगरिया गांव के मांगलिक भवन में सुबह 8 बजे से ही विभिन्न संगठनों के किसान नेता पहुंचने लगे। बड़े पैमाने पर किसान 11 बजे तक जुटेंगे। यहां आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। अगर प्रशासन का कोई प्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर किसानों को संतुष्ट करता है तो ट्रैक जाम की स्थिति टल सकती है, अन्यथा दोपहर 1 से 2 बजे के बीच किसान रेलवे ट्रैक पर बैठ जाएंगे। जानकारी के अनुसार, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल किसानों को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन देने पहुंच सकते हैं। किसान नेताओं ने कहा कि संतुष्टि मिलने पर ही आंदोलन का अगला कदम तय किया जाएगा।

**प्याज का निर्यात खोलें या महाराष्ट्र मॉडल पर खरीदी करें:** किसानों की प्रमुख मांग है कि केंद्र सरकार प्याज का निर्यात तुरंत खोले, ताकि विदेशों में बिक्री से भाव बढ़ सकें। यदि निर्यात नहीं खुलता तो सरकार महाराष्ट्र की तर्ज पर 24 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी करे। अगर ये दोनों विकल्प नहीं होते, तो किसानों को प्रति एकड़ 75 हजार रुपए प्याज फसल क्षति का मुआवजा दिया जाए। खंडवा जिले में सोयाबीन



फसल की राहत राशि अभी तक न मिलने की शिकायत भी शामिल है। किसान चाहते हैं कि इसका वितरण तुरंत किया जाए।

**एसपी बोले- ट्रैक पर जाना प्रतिबंधित, सुरक्षा पुख्ता:** किसानों के आंदोलन को लेकर खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने कहा कि रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए सिविल के सथ आरपीएफ-जीआरपी के स्थानीय और बाहर से बल बुलाए गए है। रेलवे ट्रैक एरिया में किसानों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया। किसान संगठनों का इस बात से अवगत करा दिया गया हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

**प्याज के खराब भाव से किसान परेशान, खेतों में चलाए रोटावेटर:** मंडी में किसानों को 4 रूपए किलो में भी खरीदार नहीं मिल रहे। यही नहीं अच्छी किस्म का प्याज भी 8 रूपए किलो में बिक रहा है। किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही। ऐसे में किसान अपनी प्याज को कल्टीवेटर चलाकर खेतों में ही नष्ट कर रहे हैं, जबकि कई किसान खेतों में लगी प्याज को भेड़, बकरियों को खिलाने को मजबूर हैं। इस साल बारिश के दौरान खंडवा, छैगांवमाखन, पंधाना और आसपास क्षेत्रों में 10 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती हुई थी। लगभग 8 हजार किसानों की फसलें बारिश के कारण रोगग्रस्त हो गई, जिससे भारी नुकसान हुआ।

# सतना में घर से 2 लाख नकदी-जेवर की चोरी

## परिवार बरखी में गया था, लौटा तो ताला टूटा मिला

**सतना, एजेंसी।** सतना जिले के नागौद में शुक्रवार देर शाम एक सूने घर से चोर 2 लाख नगदी और लाखों के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना उस समय हुई जब घर का परिवार देवेंद्रनगर बरखी कार्यक्रम में गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरी गए गहनों की तस्दीक कर रही है।

बंधाव हाल निवासी शिवेंद्र सिंह परिहार अपने परिवार के साथ दोपहर में सेमरी देवेंद्रनगर मामा के यहां बरखी कार्यक्रम में गए थे। शाम करीब 7 बजे लौटे तो घर के मेन गेट का ताला तो बंद मिला, लेकिन मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर सभी कमरे खुले थे और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।

**अलमारियां टूटी मिलीं, गहने और नकदी गायब:** शिवेंद्र ने बताया कि कमरों में रखी अलमारियों और तिजोरियों के लॉक भी टूटे मिले। घर से करीब 2 लाख रुपये नगद और कई पुस्तैनी सोने-चांदी के गहने चोरी होने की आशंका जताई गई है। पुलिस गहनों की सही कीमत का आकलन दस्तावेज जुटाने के बाद करेगी।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे, पुलिस जांच में जुटी:** सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की कोशिश की जा रही है। टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि चोरी की शिकायत पर जांच चल रही है। चोरी गए जेवरात के दस्तावेज मांगे गए हैं, उसी के आधार पर सही कीमत तय होगी।

# जमीनी विवाद में युवक पर हमला

## धारदार हथियार से किया वार, एक महिला सहित पांच पर आरोप



**सीधी, एजेंसी।** कुचवाही में शनिवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर प्रकाश चंद्र गुप्ता (45) पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस मामले में रामकुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता, शिवम् गुप्ता, माला गुप्ता और पंकज गुप्ता पर हमले का आरोप है। प्रकाश चंद्र गुप्ता के अनुसार, यह विवाद लंबे समय से चल रहा था। उन्होंने बहरी तहसील में आवेदन दिया था, जिसके बाद राजस्व विभाग से उन्हें स्टे ऑर्डर मिला था। इसके बावजूद, कथित तौर पर दूसरा पक्ष निर्माण कार्य जारी रखे हुए था। जब प्रकाश गुप्ता निर्माण कार्य रोकने पहुंचे, तो पहले गाली-गलौज हुई और फिर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया गया।

हमले में प्रकाश गुप्ता के सिर पर गंभीर चोटें आई, एक हाथ फैक्चर हो गया और सीने पर भी वार किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरुआत में केवल साधारण धाराओं में मामला दर्ज किया और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। घायल की पत्नी मालती गुप्ता ने बताया कि जब वे अपने पति को बचाने गई, तो आरोपियों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। उन्होंने अपने पति को ऑटो से जिला अस्पताल पहुंचाया। मालती गुप्ता ने भी आरोप लगाया कि पुलिस ने अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है और आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं।

वहीं कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने ख्रढ्क्र दर्ज कर ली है और घायल को तुरंत जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया है।

# सागर पुलिस ने शराब से भरा लोडिंग वाहन पकड़ा

## बटालियन रोड पर घेराबंदी कर रोका, दो आरोपी गिरफ्तार; 50 हजार की शराब जब्त



**सागर, एजेंसी।** सागर की मकरोनिया थाना पुलिस ने बटालियन रोड से अवैध शराब से भरा लोडिंग वाहन पकड़ा। पुलिस ने कुल 61.680 लीटर अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 50,540 रुपए है। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। पुलिस के अनुसार, देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि बटालियन रोड से लोडिंग वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना मिलने पर टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना हुई।टीम ने 10वीं बटालियन रोड मुक्तिधाम के पास वाहन क्रमांक MP15-ZN-3924 को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर वाहन से अवैध शराब बरामद हुई। वाहन में सवार दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम श्याम पिता मिठाईलाल केशरवानी, निवासी भीतरी बाजार सागर और रमेश पिता मगनलाल केशरवानी, निवासी भीतरी बाजार सागर बताए।

**आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज, पूछताछ जारी:** मकरोनिया थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आरोपीयों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों से शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# खरगोन में एंबुलेंस से 2.82 लाख की अवैध शराब जब्त

## बेरिकेड्स तोड़कर भागा ड्राइवर, 3 कर्मचारी बर्खास्त, वेंडर का टेंडर निरस्त

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिले में महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र के पास एक एंबुलेंस से अवैध शराब की तस्करी का मामला सामने आया है। यह कार्रवाई चैनपुर थाने की हेलापड़ावा पुलिस चौकी के पास शुक्रवार को हुई। पुलिस ने एंबुलेंस (CG04NW2385) से 2.82 लाख रुपए मूल्य की 52 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। ड्राइवर पुलिस बेरिकेड्स तोड़कर भाग गया। इस गंभीर मामले में 108 एंबुलेंस सेवा ने तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है और वेंडर का टेंडर भी निरस्त कर दिया है। पुलिस के अनुसार, हेलापड़ावा चौकी के पास चेकिंग के लिए बेरिकेड्स लगाए गए थे। तभी एंबुलेंस वाहन CG04NW2385 आया और ड्राइवर ने बेरिकेड्स तोड़



दिए। वह करीब 200 मीटर दूर एंबुलेंस को रोककर भापसी के जंगल में फरार हो गया।

**एंबुलेंस में मिली 52 पेटी शराब:** पुलिस ने एंबुलेंस की तलाशी ली, तो उसमें 52 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली। इनमें 35 पेटी गोवा व्हिस्की, 15 पेटी बीयर और 2 पेटी बॉम्बे व्हिस्की शामिल थी। जब्त शराब की कुल कीमत 2.82 लाख रुपये आंकी गई है।

**पुलिस पर दिनभर मामला छुपाने का आरोप:** यह घटना शुक्रवार को हुई थी। आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर पुलिस दिनभर इस गंभीर मामले को छुपाती रही। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

**108 एंबुलेंस सेवा ने की बड़ी कार्रवाई:** इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए, मध्य प्रदेश 108 एंबुलेंस सेवा के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह ने तत्काल कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पायलट, जिला अधिकारी और असिस्टेंट कॉल सेंटर मैनेजर को सेवा से मुक्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, संबंधित जननी एंबुलेंस वेंडर का टेंडर भी निरस्त कर दिया गया है।

# पुणे से लौटे किसान का शव खेत में मिला, रात में सिंचाई के लिए गए थे

## सुबह खून से लथपथ मिली लाश

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र में एक किसान की हत्या का मामला सामने आया है। मुंडेरी ग्राम पंचायत के पुरेनहाऊ गांव में छिंथा तालाब के पीछे शनिवार सुबह खेत में एक किसान का खून से लथपथ शव मिला। पुलिस इसे हत्या मान रही है, लेकिन आरोपी अभी अज्ञात है।

मृतक की पहचान 55 वर्षीय बेनी प्रसाद कड़ेरे के रूप में हुई है। उनके बेटे अशोक कड़ेरे ने बताया कि बेनी प्रसाद एक सप्ताह पहले ही पुणे से मजदूरी कर गांव लौटे थे। वह तब से खेत में सिंचाई के लिए रुक रहे थे। अशोक कड़ेरे ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह अपने जीजा हीरालाल के साथ पिता को खाना देने खेत पर गए थे। पानी की मोटर चालू करने के बाद वे घर लौट आए और बेनी प्रसाद खेत में बनी झोपड़ी में सो गए। शनिवार सुबह जब अशोक अपने जीजा के साथ दोबारा खेत पर पानी की मोटर



देखने पहुंचे, तो उन्होंने पिता को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। झोपड़ी में जाकर देखा तो बेनी प्रसाद का शव खाट के नीचे खून से लथपथ पड़ा था। उनके सिर, गर्दन और मुंह पर किसी धारदार हथियार से वार के गहरे घाव थे।

सूचना मिलते ही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी देवी सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और उन्हें उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### इनवेस्टमेंट के नाम पर 2 करोड़ की ऑनलाइन ठगी

# पुलिस ने रतलाम से तीन युवक को गिरफ्तार किया

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के दो युवकों ने अपने दो साथियों के साथ मिल कर कर्नाटक के मंगलुरु के कार ट्रेडिंग व रियल एस्टेट कारोबारी के साथ 2 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी कर दी। युवकों ने ऑनलाइन निवेश कर डबल मुनाफा कमाने का लालच दिया। कारोबारी युवकों के झांसे में आ गए। 2 करोड़ रुपए जमा कराने के बाद तीन माह से युवक कॉल रिसीव नहीं कर रहे थे। कारोबारी ने कर्नाटक पुलिस को सूचना दी। कर्नाटक पुलिस रतलाम पहुंची और चार में से तीन युवकों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। एक को नोटिस दिया गया है। बिलपांक थाना प्रभारी अयूब खान के मुताबिक, उमर फारुक ने मंगलुरु सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 1 मई 2022 को उनके व्हाट्सएप पर अंकित नाम के व्यक्ति ने संपर्क किया और कहा कि वह %डेलटिन रॉयल कंपनी% से बोल रहा है। आरोप था कि कंपनी में निवेश करने पर रुपए दोगुना कर दिए जाते हैं। उसने अपने पार्टनर सुमित (27) पिता सुरेश जायसवाल, कुशाग्र (23) पिता अनिल जैन दोनों निवासी बिलपांक जिला रतलाम,




अखिल (29) पिता सतीश मंडरा निवासी बदनावर जिला धार बताया।

**रुपए दोगुना का लालच दिया:** अंकित ने फारूक को बताया कि मेरे पार्टनर विदेश में रुपए निवेश कर रुपए दो गुना कर रिटर्न देते हैं। इसमें कोई जोखिम भी नहीं है। फारुख ने इन पर भरोसा कर 1 मई 2022 को फेडरल बैंक खाते से स्कैनर के जरिए 3,500 रुपए भेजे। जिसके एवज में उसी दिन 1 हजार रुपए मुनाफा मिल गया। इसके बाद फारुख ने मई 2022 से 29 अगस्त 2025 अपनी पत्नी फातिमा, चाचा इस्माइल, भतीजी आयशा अफीका के खाते से 2 करोड़ से ज्यादा रुपए यूपीआई व आईएमपीएस के आरोपियों द्वारा दिए गए विभिन्न खातों में ट्रांसफर किए।

**कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिला:** इसके बाद आखिरी के तीन माह में फारुख ने इन लोगों को काफी कॉल किए। मैसेज किए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब उन्होंने अंकित से रकम मांगी तो उसने कहा कि बाकी तीन लोगों ने उसे भी धोखा दिया है और वह अब उनकी पार्टनरशिप में नहीं है। आरोपियों ने फारुक को धमकी भी दी कि पैसे वापस नहीं करेंगे और पुलिस में गए तो जान से मार देंगे। शिकायत के बाद कर्नाटक पुलिस रतलाम के बिलपांक पहुंची। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें कर्नाटक ले जाया गया। टीआई अयूब खान ने बताया कि अंकित को नोटिस दिया गया है। वह बदनावर का रहने वाला है और वर्तमान में इंदौर में रहता है।

# आरोपी हरीश जायसवाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## पुलिस अधिकारियों पर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से लगाए थे आरोप



**धार, एजेंसी।** धार में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर आरोप लगाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी हरीश जायसवाल की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच भी अब धार कोतवाली से पीथमपुर पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की हैं।

**फरारी में लगाई थी जमानत याचिका:** आरोपी हरीश जायसवाल, जो बाबूलाल जायसवाल का पुत्र है, ने फरारी के दौरान ही कोर्ट में अग्रिम जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया।

**एसपी ने जांच पीथमपुर ट्रांसफर की:** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक अवस्थी ने धार कोतवाली में दर्ज इस प्रकरण की जांच पीथमपुर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इस मामले में धार की स्थानीय पुलिस पर ही आरोप लगाए गए थे।

**दो टीमें कर रहीं तलाश, टीआई को मिली जांच:** आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं और साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। अब पीथमपुर थाना प्रभारी सुनील शर्मा इस मामले की आगे की जांच करेंगे।

### सतना में मोटर पंप चोर गिरोह का पर्दाफाश

# 4 आरोपी गिरफ्तार, 94 हजार रुपए कीमत के 12 पंप जब्त

**सतना,एजेंसी।** सतना जिले की कोठी थाना पुलिस ने खेतों से मोटर पंप चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 94 हजार रुपये कीमत के 12 मोटर पंप जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई 17 अक्टूबर को गोरइया गांव में दर्ज हुई चोरी की शिकायत के बाद की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**ये 4 आरोपी हुए गिरफ्तार:** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बरहना भठिया निवासी कैलाश दाहिया उर्फ चुनकी (19 वर्ष), रमपुरा निवासी हाकिम यादव उर्फ राजा (22 वर्ष), रमपुरा निवासी संतोष यादव उर्फ बुल्ली उर्फ भूरा (20 वर्ष) और बरहना निवासी अमित कोल उर्फ बेटू (20 वर्ष) शामिल हैं।



**17 अक्टूबर को दर्ज हुई थी शिकायत:** पुलिस को यह सफलता गोरइया निवासी फरियादी राघवेंद्र सिंह की शिकायत के बाद मिली। राघवेंद्र सिंह ने 17 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15-16 अक्टूबर की दरमियानी रात गोरइया हार में उनके इंदारा (कुएं) से सिंचाई के लिए लगा पंप चोरी हो गया था। इसी दौरान ददन यादव के खेत से भी एक अन्य मोटर पंप चोरी हुआ था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया।

# मंदसौर में गैस रिफिलिंग दौरान मारुति वैन में लगी आग :सिलेंडर विस्फोट से अफरा-तफरी, वाहन पूरी तरह खाक



**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में शुक्रवार रात बड़ा हादसा टल गया, जब विजयवर्गीय धर्मशाला के सामने नारायणगढ़ रोड पर खड़ी एक मारुति वैन अचानक आग की चपेट में आ गई। कुछ ही मिनटों में आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा वाहन जलकर राख हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, पास ही स्थित दिनेश नामक व्यक्ति के मकान पर गैस रिफिलिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और बताया जा रहा है कि सिलेंडर का धमाका भी हुआ, जिससे आग और भी विकराल हो गई। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबराकर बाहर निकल आए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मल्हारगढ़ थाना प्रभारी मोहन मालवीय के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल कार के मालिक की पहचान की जा रही है।

# भारत बनाम साउथ अफ्रीका : ऋषभ पंत ने रचा इतिहास

## टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस मामले में पंत ने पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ऋषभ पंत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 24 गेंदों का सामना करते हुए 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 2 छक्के और 2 चौके निकले। ऋषभ पंत ने टेस्ट करियर के 48 मुकाबलों में अब तक 92 छक्के लगाए हैं। वहीं, वीरेंद्र सहवाग 103 टेस्ट मुकाबलों में 90 छक्के लगा सके थे।

इस लिस्ट में रोहित शर्मा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 88 छक्के लगाए। 88 टेस्ट में 80 छक्कों के साथ रवींद्र जडेजा चौथे पायदान पर मौजूद हैं। धोनी लिस्ट में पांचवें पायदान पर हैं, जिन्होंने 90 टेस्ट में 78 छक्के लगाए। ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने मेहमान साउथ अफ्रीका के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली है।

साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए पहली पारी में महज 159 रन बनाए। इस पारी में एडेन मार्करम ने 31, जबकि वियान मुल्डर और टोनी डी जोरजी ने 24-24 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक 5 विकेट निकाले, जबकि सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में भारत ने 50 ओवरों के खेल तक 5 विकेट खोकर 164 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। मेजबान देश 18 के स्कोर पर यशस्वी जायसवाल (12) का विकेट गंवा बैठा था।

यहां से वाशिंगटन सुंदर ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। केएल राहुल 39 रन बनाकर आउट हुए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रन की पारी खेली। इनके अलावा ऋषभ पंत ने 27 रन बनाए। इस बीच कप्तान शुभमन गिल 4 रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे।





## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात बेहद उत्साहवर्धक रही- दीप्ति शर्मा

**लखनऊ, एजेंसी।** महिला विश्व कप 2025 में भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के बाद दीप्ति उत्साहित और खुश नजर आईं। आईएएनएस से बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा, 卐मुख्यमंत्री से मुलाकात बेहद उत्साहवर्धक रही। उन्होंने मुझे विश्व कप जीतने की बधाई दी। उनके शब्द प्रेरक थे जो मुझे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे।卐 उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी पद पर कार्यरत दीप्ति शर्मा ने राज्य के डीजीपी राजीव कृष्ण से भी मुलाकात की।

दीप्ति शर्मा ने कहा कि डीजीपी सर ने अपने अनुशासन और दिनचर्या के बारे में जानकारी साझा की। मुझे उनसे इस क्षेत्र के बारे में और भी बहुत कुछ सीखने को मिला।

भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। लंबा इंतजार खत्म हुआ और भारत ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

दीप्ति शर्मा का भारतीय टीम को विश्व चैंपियन बनाने में अहम योगदान रहा था। दीप्ति ने गेंद और बल्ले से असाधारण प्रदर्शन किया और भारत को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने में यादगार भूमिका निभाई। 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में दीप्ति ने कभी न भूलने वाला प्रदर्शन किया। दीप्ति ने बल्लेबाजी में 58 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में 5 विकेट लिए। उनका ये प्रदर्शन कहीं न कहीं अकेले दम पर दक्षिण अफ्रीका पर भारी पड़ा था।

दीप्ति शर्मा के पूरे टूर्नामेंट के प्रदर्शन पर नजर डालें तो वह टूर्नामेंट की सबसे सफल गेंदबाज रही थीं। दीप्ति ने 22 विकेट लिए थे। इसके अलावा, दीप्ति ने 215 रन बनाए थे। गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असाधारण प्रदर्शन करने वाली दीप्ति को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

## आईपीएल 2026 रिटेंशन की समयसीमा से पहले बड़े फेरबदल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी ने 2026 सीजन की रिटेंशन की समयसीमा से पहले 8 खिलाड़ियों के ट्रेड की पुष्टि की है। इनमें रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन का नाम भी शामिल है। ऑलराउंडर जडेजा को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 12 सीजन तक चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले रवींद्र जडेजा ने 254 से ज्यादा आईपीएल मैच खेले, जिसमें 3,260 रन बनाने के साथ 170 विकेट हासिल किए हैं।

रवींद्र जडेजा लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। ट्रेड एग्रीमेंट के तहत उनकी लीग फीस 18 करोड़ रुपये से घटाकर 14 करोड़ रुपये कर दी गई है।

दूसरी ओर, सैमसन अपनी मौजूदा 18 करोड़ रुपये की लीग फीस पर सीएसके का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2013 में अपने आईपीएल डेब्यू के बाद से इस सीनियर खिलाड़ी ने अधिकांश सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए ही खेले। हालांकि, 2016 और 2017 में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेला।

लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से सफल ट्रेड के बाद मुंबई इंडियंस में वापस आएंगे। केकेआर ने मार्कंडेय को 30 लाख रुपये में खरीदा था। मयंक उसी फीस पर मुंबई इंडियंस में वापस आएंगे।

मार्कंडेय ने अपना आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू किया और 2018, 2019 और 2022 में इस फ्रेंचाइजी के लिए खेले। इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन एक सफल ट्रेड के बाद अपनी मौजूदा 2.4 करोड़ रुपये की आईपीएल फीस पर चेन्नई सुपर किंग्स से राजस्थान रॉयल्स में ट्रांसफर होंगे। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 64 आईपीएल मैच खेले हैं। वहीं, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सनराइजर्स हैदराबाद से एक सफल ट्रेड के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईपीएल 2025 सीजन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 10 करोड़ रुपये में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी शमी उसी फीस पर लखनऊ सुपर जायंट्स में ट्रांसफर होंगे।

बॉलिंग ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस से ट्रांसफर होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल होंगे। अर्जुन अपनी मौजूदा 30 लाख रुपये की फीस पर लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते रहेंगे।

## भारत बनाम साउथ अफ्रीका : रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटे कप्तान शुभमन गिल



**कोलकाता, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय कप्तान शुभमन गिल रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन वापस लौटे। एक शॉट के दौरान कप्तान गिल को गर्दन के पास खिंचाव महसूस हुआ, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा है। यह घटना भारतीय पारी के 34.5 ओवर की है। वाशिंगटन सुंदर के आउट होने के बाद कप्तान गिल क्रीज पर आए। सिमोन हार्मर के दूसरे ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर गिल ने कोई रन नहीं लिया। पांचवीं गेंद पर गिल ने बैकवर्ड स्क्वेयर पर स्लॉग स्वीप लगाया। गेंद बाउंड्री पार पहुंची और अंपायर ने चौके का इशारा किया, लेकिन इस बीच गिल परेशानी में नजर आए।

शॉट लगाते ही गिल को गर्दन के पास झटका महसूस हुआ। दर्द उनके चेहरे पर नजर आ रहा था। इस बीच फिजियो मैदान पर आए और कुछ देर चर्चा के बाद गिल को वापस मैदान से बाहर ले गए। गिल को वापस लौटता देखकर फैंस काफी चिंतित नजर आए।

इसके बाद ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए उतरे, जो इंग्लैंड दौरे के बाद पहली बार भारतीय टीम में नजर आ रहे हैं। पंत इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे, जिसके चलते उन्हें सीरीज बीच में ही छोड़नी पड़ी थी।

लंबे वक्त बाद जब पंत मैदान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, तो कोलकाता के फैंस ने तालियों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। पंत इससे पहले अक्टूबर में वेस्टइंडीज के विरुद्ध टेस्ट सीरीज भी नहीं खेल सके थे।

मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन ये फैसला मेहमान टीम पर भारी पड़ गया। साउथ अफ्रीका पहली पारी में सिर्फ 159 रन ही बना सका।

इस पारी में एडेन मार्करम ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि वियान मुल्डर और टोनी डी जोरजी ने 24-24 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को 2-2 सफलताएं हाथ लगीं। अक्षर पटेल ने एक विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में भारत ने 38 ओवरों के खेल तक 2 विकेट खोकर 105 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 12, जबकि वाशिंगटन सुंदर 29 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल केएल राहुल और पंत क्रीज पर डटे हुए हैं।

## फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह



**रिजेका (क्रोएशिया), एजेंसी।** क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स पर 3-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ क्रोएशिया ने विश्व कप 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर बराबरी हासिल की। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया। इसी के साथ क्रोएशिया ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। यह साल 2023 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।

दूसरे हाफ के बीच में ही उस वक्त मैच का निर्णायक मोड़ आ गया, जब इवान पेरिसिक ने बाईं ओर से एक कर्लिंग क्रॉस दिया, जिसे निकोला व्लासिक ने एक नियंत्रित साइड-फुट फिनिश के साथ गोलपोस्ट के अंदर पहुंचाया और 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

इस जीत के साथ क्रोएशिया ग्रुप एल में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम के पास एक मैच शेष है। फरो आइलैंड्स अपने सभी 8 मैच खेल चुका है। यह टीम दौड़ से बाहर है।

## विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल - भारतीय मुक्केबाजों के पास घरेलू दर्शकों के बीच ताकत दिखाने का मौका



**नोएडा, एजेंसी।** विश्व मुक्केबाजी बदलाव के दौर से गुजर रही है। खेल की नई अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी, ने नया प्रतियोगिता कैलेंडर, प्रारूप और रैंकिंग प्रणाली तैयार की है। भार वर्ग को घटाकर 13 से 10 कर दिया गया है। ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्व मुक्केबाजी कप की सीरीज शुरू की गई। ग्रेटर नोएडा में शनिवार से विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल शुरू हो रहा है। कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट, विश्व चैंपियनशिप, सितंबर में आयोजित किया गया था। ग्रेटर नोएडा में ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व पदक विजेताओं और विश्व कप चरण विजेताओं में अंतरराष्ट्रीय सितारों की अच्छी-खासी संख्या देखने को मिलेगी। उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और चीनी ताइपे जैसे शीर्ष मुक्केबाजी देशों की मौजूदगी इस प्रतियोगिता को कठिन बना रही है। चीन इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है। पुरुषों में, विश्व कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड के कामारा ओडेल पॉली और पोलैंड चरण के स्वर्ण पदक विजेता इटली के अत्रातिवो साल्वाटोर पर सबकी नजर रहेगी।

भारत के लिए टूर्नामेंट अहम है। हाल ही में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में चार महिला मुक्केबाजों मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), विश्व चैंपियन जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा), विजेता नूपुर श्योराण (+80 किग्रा), और कांस्य पदक विजेता पूजा रानी (80 किग्रा) सभी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) भी हिस्सा ले रही हैं। पेरिस ओलंपियन प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में साक्षी चौधरी की जगह टीम में वापसी कर रही हैं। भारतीय पुरुष टीम में हितेश (70 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), जदुमणि मंदेंगबाम (50 किग्रा), और लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) से उम्मीदें होंगी। इन सभी ने विश्व कप के विभिन्न चरणों में प्रभावित किया है। इससे घरेलू मैदान में इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बढ़ गई है।

## क्वस्त्रमें नई टीमों की तैयारी तेज : PCB ने छह शहरों की सूची जारी की

पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के विस्तार का रास्ता साफ होता दिख रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अगले दशक के लिए दो नई फ्रेंचाइजियों के स्वामित्व का अवसर खोलने से पहले संभावित छह शहरों की घोषणा कर दी है। हैदराबाद, सियालकोट, फैसलाबाद, मुजफ्फराबाद, गिलगित और रावलपिंडी को इस सूची में शामिल किया गया है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू होगी और उम्मीद है कि दिसंबर तक नई टीमों की बिक्री पूरी हो जाएगी। PCB का दावा है कि यह फैसला लीग की पहुंच बढ़ाने, राजस्व को मजबूत करने और घरेलू क्रिकेट के विकास को नई गति देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।




## विश्व कप के लिए जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित, रोहित करेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान द्वारा सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है। चयन के मानदंडों में उनकी शारीरिक क्षमता, कौशल और टीम-प्ले शामिल थे। हमने हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी मानसिक क्षमता पर दिया। भारतीय टीम की कमान डिफेंडर रोहित संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम ने रजत पदक जीता था। बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के रूप में टीम में चुने गए हैं। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि अरिजीत सिंह हुंदल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाएंगे। श्रीजेश ने कहा, 'जूनियर विश्व कप की तैयारी के दौरान हमें अंतरराष्ट्रीय मैचों में अच्छा अनुभव मिला है। हमने सीनियर भारतीय टीम के साथ भी कई मैच खेले हैं क्योंकि हम बेंगलुरु स्थित साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) के एक ही परिसर में हैं। उन्होंने कहा, ''जब खिलाड़ी अपने सीनियर साथियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। कुल मिलाकर हम घरेलू दर्शकों के सामने अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

## एशियाई तीरंदाजी में अंकिता और धीरज ने स्वर्ण पदक जीता

### दीपिका कांस्य जीतने का मौका चूकीं



**ढाका, एजेंसी।** भारत के अंकिता भकत ने दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को 7-3 से हराकर और भारतीय धीरज बोम्मादेवरा ने हमवतन राहुल को 6-2 से हराकर शुक्रवार को ढाका में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल शूट-ऑफ में पूर्व विश्व नंबर 1 दीपिका कुमारी को हराने वाली अंकिता भकत की जीत विशेष इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन पेरिस ओलंपिक में रजत पदक विजेता रही हैं। अंकिता ने नाम के खिलाफ पहला सेट 29-27 से जीता। दूसरा सेट 27-27 पर समाप्त हुआ। तीसरा सेट नाम ने 28-26 से जीता। चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से दो 10 अंक लगाकर 5-3 की बढ़त बना ली। निर्णायक सेट में अंकिता ने भी संयम बनाए रखा और दो 10 अंक लगाए। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें पहला एशियाई व्यक्तिगत स्वर्ण पदक मिला। संगीता ने अनुभवी दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में 6-5 से हराकर महिला रिकर्व स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। पुरुषों के फाइनल में, धीरज ने पहला और तीसरा सेट बराबर किया, जबकि दूसरा और चौथा सेट जीतकर राहुल पर आसान जीत हासिल की। धीरज एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के जंग चाएवान के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

इससे पहले, यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की पुरुष रिकर्व टीम ने दक्षिण कोरिया की दिग्गज टीम को एक रोमांचक शूट-ऑफ में हराकर 18 वर्षों में अपना पहला एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता। भारतीयों ने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेओ मिंगी, किम येचन और जंग जिहो जैसी कोरियाई दूसरी श्रेणी की टीम पर 5-4 से नाटकीय जीत दर्ज की और 2009 से इस प्रतियोगिता पर कोरिया का दबदबा खत्म कर दिया।

## मोहमद शमी को ट्रेड कर सकती है हैदराबाद, बड़ी डील के तहत इस टीम में जाने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 से पहले एक और बड़ी डील के तहत सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) मोहम्मद शमी को लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) को ट्रेड करने के लिए तैयार है। शमी को शामिल करने के बदले में LSG SRH को 10 करोड़ रुपए देगी। इसी राशि पर स्त्रा ने शमी को IPL 2025 की नीलामी में खरीदा था। ऐसा समझा जा रहा है कि ट्रेड के संबंध में दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच चर्चा हो चुकी है, हालांकि शमी की ओर से हामी मिलना अभी बाकी है। IPL ने फ्रेंचाइजियों के लिए रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची जमा करने के लिए 15 नवंबर के दोपहर तीन बजे तक का समय निर्धारित किया है। मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद शमी भारतीय टीम में अपनी जगह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं। शमी ने यह बात स्वीकारी थी कि जब उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चयनित नहीं किया गया तब वह काफी निराश थे। एक खराब IPL सीजन के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए शमी को नहीं चुना गया था। IPL 2022 से 2024 तक शमी गुजरात टाइटंस (जीटी) का हिस्सा थे। उन्होंने आईपीएल 2022 और 2023 में पहले छह ओवर में गेंदबाज़ी करते हुए 28 विकेट हासिल किए थे। उनके बाद इस चरण में सबसे बढ़िया प्रदर्शन ट्रेंट बोल्ट (20) और मोहम्मद सिराज (15) ने किया था। शमी चोट के चलते 2024 का सीजन नहीं खेल पाए थे जबकि आईपीएल 2025 में पावरप्ले में गेंदबाज़ी करते हुए वह 9 पारियों में 10.3 की इकॉनमी से पांच विकेट ही हासिल कर पाए थे। शमी अपनी फिटनेस, लय और गति से जूझ रहे थे ऐसे में यह सवाल उठ रहा था कि क्या SRH IPL 2026 से पहले अपने दल में बनाए रखेगा। ऐसा माना जा रहा है कि पिछले सप्ताह स्त्र की ओर से ट्रेड का प्रस्ताव मिलने से पहले डैनियल वेटोरी की अगुवाई वाला थिंक टैंक इस पर विचार विमर्श कर रहा था।

# जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : प्रतिमा बागरी

## जनजातीय गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के जल, जंगल जमीन संबंधी अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पेसा कानून के माध्यम से जनजाति क्षेत्र की ग्राम सभाओं को सशक्त बनाया गया है। भगवान बिरसा मुंडा ने इन्हीं अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय को गौरव और सम्मान मिला है। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में चित्रकूट के एकलव्य आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष साधना पटेल, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, गायत्री शक्तिपीठ के डॉ. रामनारायण त्रिपाठी, जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला सहित छात्र-छात्राएं और जनजातीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा ने स्वतंत्रता संघर्ष में अपने अदम्य साहस, नेतृत्व और जनकल्याण के संकल्प से एक अमिट छाप छोडी थी। उनका जीवन संदेश हमें समाज के अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों, शिक्षकों एवं समाज बंधुओं के साथ संवाद कर उनकी प्रतिभा, जिज्ञासा और अपने समुदाय के प्रति समर्पण को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। ऐसे विद्यालय वास्तव में भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं को तैयार करने का पवित्र कार्य कर रहे हैं। राज्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा को शत-शत नमन तथा जनजाति गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक धार्मिक नेता और आदिवासी अधिकारों के प्रतीक थे। जिन्होंने यह साबित कर दिखाया कि सच्ची आजादी केवल राजनैतिक नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण से भी आती है। कलेक्टर ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती मनाने के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय से बेहतर और कोई स्थान नहीं हो सकता था। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने जीवन में हिम्मत और मेहनत के दो मूल मंत्रों को हमेशा याद रखे। एकलव्य ने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी और गुरू की प्रतिमा के सानिध्य में दिन-रात अभ्यास कर धनुर्विद्या में इतने निपुण होकर श्रेष्ठ धनुर्धर बनें। इस अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चित्रकूट की छात्राओं ने जनजातीय संस्कृति और गौरव पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने इस अवसर पर जनजातीय समुदाय के छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए गोल्ड मेडल और पुरूस्कार भी वितरित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी राज्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने किया।

## बिरसा मुंडा जयंती पर तीन बंदी रिहा



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आज सतना केंद्रिय जेल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें तीन बंदियों को रिहा किया गया। रिहा हुए बंदियों में एक सतना, दूसरा पन्ना और तीसरा मैहर जिले का निवासी है। जेल प्रशासन द्वारा इन तीनों को एक पौधा और श्रीमद्भगवद् गीता भेंट की गई, ताकि वे समाज में लौटकर पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाते हुए नया जीवन शुरू कर सकें।

रिहाई कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने बंदियों को जीवन में सकारात्मक सोच बनाए रखने और अच्छे कार्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर निकलने के बाद समाज में पुनः स्थापित होने का अवसर सभी को मिलता है, और इस अवसर का सदुपयोग करना ही असली परिवर्तन है।

उप जेल अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, सोनवीर सिंह कुशवाह, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पांडेय, सहायक जेल अधीक्षक फिरोजा खातून तथा कल्याण अधिकारी अनिरुद्ध तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बंदियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## अर्धरात्रि को दुर्लभ रक्त देकर बचाई बुजुर्ग की जान, रक्तदान अत्यंत पुनीत कार्य है : सेवानी



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** जिला अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग मरीज को रात्रि 12 बजे ह नेगेटिव रक्त की अत्यावश्यकता होने पर परिजन चिंतित हो उठे। ब्लड बैंक में रक्त उपलब्ध न होने की स्थिति में समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी को सूचना मिली। सहयोगी गोपी आहूजा ने तुरंत संपर्क कर राहुल सेवानी से चर्चा की। सेवानी ने देर रात पहुँचकर रक्तदान किया और बुजुर्ग को नया जीवन मिल सका।

रक्तदान के बाद राहुल सेवानी ने कहा कि 'रक्तदान पुनीत कर्तव्य है; यदि हमारे रक्त से किसी की जान बचे तो जीवन सार्थक हो जाता है।' उन्होंने समिति के निरंतर मानव सेवा कार्यों की सराहना की।

सेवानी के इस मानवीय कार्य पर संरक्षक श्रीचंद मनवाणी सहित समिति के अनेक पदाधिकारियों व समाजसेवियों— गोपी गेलानी, मनोहर डिगवानी, ज्ञान खटवानी, इंद्रलाल आडवाणी, संजय आहूजा, मोना चोपड़ा, डॉ. विद्या पांडे आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल नागौद में बाल दिवस पर 'न्यायोत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, नागौद में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 'न्यायोत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक आयोजित हुआ, जिसमें निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। विद्यार्थियों ने न्याय, अधिकारों एवं सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार और कला उत्साहपूर्वक प्रस्तुत की।

समापन दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट सिमोना सिंह कुल्हारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय बताए। समारोह में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

समिति के सचिव, विजयपाल सिंह (सीनियर एडवोकेट) ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विधिक जागरूकता बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय परिवार को ऐसे उपयोगी एवं सार्थक आयोजन नियमित रूप से जारी रखने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय संचालिका शशि सिंह ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सही दिशा, जागरूकता और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। वहीं, प्राचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न्यायोत्सव जैसे आयोजन बच्चों में विधिक साक्षरता बढ़ाने के सशक्त माध्यम हैं।

बाल दिवस के अवसर पर आयोजित यह न्यायोत्सव कार्यक्रम विद्यालय परिवार एवं छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। इसके साथ ही कक्षाओं में अन्य प्रतियोगिताएँ भी संपन्न हुईं तथा बच्चों को पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## नव डिप्टी कलेक्टर प्रिया अग्रवाल एवं सी. ईशा गोयल का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा एवं महिला महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आज होटल स्पार्क, पन्ना रोड में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिरसिंहपुर निवासी नारियल प्रसाद विक्रेता विजय अग्रवाल की सुपुत्री एवं नव मनोनीत डिप्टी कलेक्टर प्रिया अग्रवाल तथा भरहुत नगर के सराफा व्यवसायी शोभित रोली गोयल की सुपुत्री छ्व. ईशा गोयल को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

दोनों प्रतिभाशाली बेटियों ने अपने माता-पिता के साथ पूरे अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल ट्रेक्टर के डायरेक्टर नरेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री सविता अग्रवाल, जिला संरक्षक सीताराम रामू, जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री संजय अग्रवाल आशीर्वाद द्वारा किया गया।

## विट्स कॉलेज प्रबंधन पर शासन के अवकाश नियमों की अनदेखी के आरोप, छात्रों व कर्मचारियों में नाराज़गी



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित शासकीय अवकाशों को लेकर विट्स महाविद्यालय, करही रोड अमोघा के प्रबंधन पर शासन के नियमों की अनदेखी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। कई कर्मचारियों एवं छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय लगातार सरकारी निर्देशों के विपरीत कार्य कर रहा है और अवकाश के दिनों में भी संस्थान को खुला रखकर तानाशाही तरीके से संचालन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, महाविद्यालय से जुड़ी यह शिकायतें कई बार गोपनीय रूप से सामने आ चुकी हैं कि विट्स कॉलेज प्रबंधन स्वयं को शासन के नियमों से ऊपर मानते हुए कार्य कर रहा है। शासन द्वारा घोषित छुट्टियों को मानने के बजाय कॉलेज कर्मचारियों और विद्यार्थियों को उपस्थिति हेतु बाध्य करता है।

इसी क्रम में 15 नवम्बर 2025, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जहाँ केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया, वहीं प्रदेश भर के शासकीय एवं निजी संस्थान बंद रहे। लेकिन विट्स महाविद्यालय, अमोघा में न तो अवकाश घोषित किया गया और न ही किसी प्रकार की सूचना जारी की गई। इसके विपरीत प्रबंधन ने छात्रों एवं कर्मचारियों को महाविद्यालय आने के निर्देश दिए, जिससे असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

आरोप यह भी लगाए गए हैं कि महाविद्यालय को शिक्षण संस्था के रूप में नहीं, बल्कि एक कंपनी या फैक्ट्री की तरह संचालित किया जा रहा है, जहाँ शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नियमों का पालन नहीं किया जाता। शिकायतकर्ताओं के अनुसार यह कोई पहला मामला नहीं है; केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित कई अवकाशों पर महाविद्यालय खुला रखने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

स्थानीय नागरिकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि कोई शिक्षण संस्थान शासन के नियमों की ही उपेक्षा करेगा, तो इससे छात्रों में गलत संदेश जाएगा। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या विट्स महाविद्यालय किसी भी सरकारी व्यवस्था को महत्व नहीं देता और क्या वह स्वयं को शासन से ऊपर समझता है?

इस संबंध में महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर जांच और कार्यवाही की मांग भी उठने लगी है।

## नागौद गोलीकांड- आरोपी की लोकेशन पुणे में मिली

### पीड़ित ने पहले बताया था गलत नाम, पुलिस को गुमराह करने का शक



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** जिले के नागौद कस्बे में शुक्रवार देर शाम हुए गोलीकांड मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस जांच में आरोपी निशांत सिंह परिहार की लोकेशन पुणे (महाराष्ट्र) में मिली है। इस मामले में पीड़ित समीर सौदागर ने पहले आरोपी का नाम निशांत कोल बताया था, जिसे लेकर अब पुलिस को पीड़ित पर ही गुमराह करने का संदेह हो रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

**पीड़ित ने पहले बताया था गलत नाम:** पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कराते समय असली आरोपी का नाम निशांत सिंह परिहार, पिता भूपेंद्र सिंह (24 वर्ष, निवासी राजापुर) सामने आया। जबकि पीड़ित समीर ने पहले आरोपी का नाम निशांत कोल बताया था।

**पुणे में मिली लोकेशन, जांच शुरू:** टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि आरोपी की पुणे में लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने हर एंगल से जांच शुरू कर दी है।

**पीड़ित पर क्यों है पुलिस को शक:** जांच में यह भी सामने आया है कि इससे पहले भी निशांत सिंह और समीर सौदागर के बीच मारपीट हुई थी। उस समय दर्ज मामले में समीर सौदागर (जो अभी पीड़ित है) को ही आरोपी बनाया गया था। ऐसे में पुलिस को संदेह है कि समीर शुक्रवार की घटना के बारे में पुलिस को गुमराह कर रहा है।

**पीड़ित बोला- बाइक पर 3 लोग थे:** जिला अस्पताल में भर्ती घायल समीर के अनुसार, आरोपी निशांत सिंह के साथ बाइक पर 2 अन्य लोग भी थे, जिन्हें वह नहीं पहचानता। पुलिस घायल के बयानों की पुष्टि के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर को किया गया सीज

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में पराली जलाने की घटनाओ को नियंत्रण के लिए किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिरसिंहपुर कस्बे में एक कृषक के खेत में पंजाब के हार्वेस्टर संचालक कुलवेंदर सिंह के ऑपरेटर लवली सिंह द्वारा हार्वेस्टर के साथ बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर से खेत में धान की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। नरवाई प्रबंधन के लिए कोई अन्य मशीन बेलर स्लेसर इत्यादि का उपयोग नहीं किया जा रहा था। जिसके कारण संयुक्त अमले ने हार्वेस्टर को थाने में लाकर सीज कर दिया गया।

### भगवान बिरसा मुण्डा के 150वी जयंती पूरे गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई

## मैहर में आयोजित हुआ जनजातीय गौरव दिवस समारोह



**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मैहर जिले के एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित किया गया। मैहर जिले में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला अध्यक्ष जन जातीय मोर्चा फूल सिंह टेकाम, कलेक्टर रानी बाटड, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, तारा पटेल, जनपद सदस्य कल्पना सिंह, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

जनजाति गौरव दिवस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनजातीय लोक संस्कृति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य ''सारी दुनिया में डंका बजा दो'' रिया ग्रुप, गोडवानी कला मंच संगीत पिपरिया मैहर द्वारा आदिवासी नृत्य ''हमों आदिवासी भैया'' दीपिका ग्रुप द्वारा कथक नृत्य नंदिनी अग्निहोत्री, भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर नाटक डेविड ग्रुप, आदिवासी नृत्य क्षमा सिंह ग्रुप के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मल्टीपर्पस सेंटर बैहार सेमरा में स्वीकृत राशि 60 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के दो हितग्राही वट बंधक सिंह तथा पन्ने सिंह को दिया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक आपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उदयभान सिंह सरोते, पेंटिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम कुंद्रीकला वीरेंद्र प्रताप सिंह, कोर्टे ग्राम गढवा धर्म गुरु कुशल सिंह श्याम, ग्राम भरतपुर रामनगर, अनंतराम उइके ग्राम हाहुर रामनगर, राजभान सिंह ग्राम पिपरिया मैहर सूर्यभान सिंह पेंड्रो, रामनगर एकलव्य विद्यालय के दीन अंशु रावत कक्षा दसवीं में स्कूल में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं में बालक वर्ग में प्रथम स्थान साक्षी एवं राज स्तरीय संगीत कला में विजेता शिवेंद्र सिंह जनजाति कला में राज्य स्तरीय विजेता डेविड, आर्मी कबड्डी में राज्य स्तरीय प्रतिनिधित्व किया। इसी प्रकार मुस्कान को कक्षा दसवीं में 89 प्रतिशत, अनुपम कोल कक्षा दसवीं में 73 प्रतिशत, दुर्गा कोल कक्षा दसवीं में 72 प्रतिशत हासिल करने पर सम्मानित किया गया।

## आउटसोर्स एजेंसी पर 10 हजार का जुर्माना

### अस्पताल में सफाई लापरवाही पर कलेक्टर ने की कार्रवाई, अधिकारी से कारण बताओ नोटिस मांगा



**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** कलेक्टर रानी बाटड ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल अमरपाटन का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। इस पर उन्होंने आउटसोर्स स्वच्छता एजेंसी मेसर्स स्काई बुल सिक्योरिटी सर्विस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड पर ?10 हजार का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्स और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.के. तिवारी ने एजेंसी को अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन और सफाई व्यवस्था में लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने जुर्माने की राशि तत्काल रोगी कल्याण समिति अमरपाटन के खाते में जमा कर 24 घंटे के भीतर रसीद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**कलेक्टर ने अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया:** कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी जायजा लिया। वहां एक भी कम वजन का बच्चा भर्ती नहीं मिला और सभी बेड खाली पाए गए। इस पर उन्होंने बाल विकास परियोजना अमरपाटन के परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में, वार्डों और परिसर में गंदगी तथा अस्पताल का अव्यवस्थित संचालन पाए जाने पर कलेक्टर ने बीएमओ डॉ. सतनामी और अस्पताल प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडे को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।